इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ

डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समयः सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 अंक - 201 राजनांदगांव, सोमवार 09 जून 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## चुनाव 'फिक्स' का आरोप हास्यास्पद, कार्यकर्ताओं का भी अपमान - आयोग




नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव 'फिक्स' होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है।

श्री गांधी ने शनिवार को एक अखबार में अपने लेख में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'फिक्स' बताते हुए आयोग से अपने सवालों पर जवाब मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने आज कहा,÷सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं। भारत में जिस पैमाने और जिस सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता है पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। मतदाताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद, यह कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना कि यह पहले से तय था, पूर्णतः हास्यास्पद है।

आयोग ने यह भी कहा कि पूरा देश जानता है कि निर्वाचक नामावली तैयार करने, मतदान और मतगणना आदि सहित हरेक चुनावी प्रक्रिया मतदान केंद्र से लेकर निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों द्वारा औपचारिक रूप से तैनात अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सरकारी कर्मचारी निष्पादित करते हैं। आयोग ने कहा कि किसी के भी द्वारा फैलाई गई कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर है बल्कि इससे उनके स्वयं के राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों का भी अपमान होता है। इस तरह के प्रयास से वे लाखों चुनाव कर्मचारी भी हतोत्साहित होते हैं जो चुनावों के दौरान बिना थके और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं।

श्री गांधी को दिए अपने जवाब में आयोग ने यह भी कहा कि इस बारे में पहले उठाए गये सवालों का जवाब निर्वाचन आयोग पिछले वर्ष 24 दिसंबर को ही कांग्रेस को दे चुका है। आयोग ने जवाब में ये सभी तथ्य रखे थे जो आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। प्रतीत होता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते समय इन तथ्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने श्री गांधी के चुनाव 'फिक्स' होने संबंधी हर सवाल का बिंदुवार जवाब देते हुए खंडन किया है और कहा है कि जो भी आरोप लगाए गये हैं वे निराधार हैं।

## मणिपुर की शांति में खलल! मैतेयी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा; कई जिलों में इंटरनेट सेवा सस्पेंड



इंफाल। मणिपुर में मैतेयी संगठन अरामबाई तेंगोल के नेता और अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण रविवार को स्थिति तनावपूर्ण रही। प्रशासन ने एहतियाती उपाय के तौर पर इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इन क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि अरामबाई तेंगोल के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

इस बीच सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए अरामबाई तेंगोल के सदस्य कनन सिंह को इंफाल एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार किया। उसे गुवाहाटी ले जाया गया है, जहां उसे पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा।

मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, सीबीआई मणिपुर हिंसा से संबंधित मामलों की जांच कर रही है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मणिपुर हिंसा के मामलों की सुनवाई मणिपुर से गुवाहाटी स्थानांतरित कर दी गई है। सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि कनन को रविवार को गिरफ्तार किया गया। अन्य चार सदस्यों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

अरामबाई तेंगोल के सदस्यों ने गिरफ्तारी के विरोध में खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर सांकेतिक विरोध किया। शनिवार को अरामबाई तेंगोल के एक नेता की गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने नेता की रिहाई की मांग करते हुए क्वाकीतेल और उरिपोक में सड़क के बीच में टायर जलाया था। इंफाल में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़पें हुईं।

भीड़ ने बस में लगाई आग

भीड़ ने इंफाल पूर्व जिले के खुराई लमलोंग में बस में आग लगा दी। क्वाकीतेल में गोलियों की आवाज सुनाई दी। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि गोली किसने चलाई। प्रदर्शनकारियों ने इंफाल एयरपोर्ट के गेट पर भी घेराव किया। पुलिस अधिकारी ने बताया, प्रदर्शनकारियों और पुलिस कर्मियों की झड़प में तीन लोग घायल हो गए हैं।

सुरक्षा बलों ने राजभवन से लगभग 200 मीटर दूर कंगला गेट के सामने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। राज भवन की ओर जाने वाले रास्तों पर केंद्रीय बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम के पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में दंगा तथा असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण गंभीर खतरे की सूचना दी है।

पूरे क्षेत्र में धारा 163 लागू

जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने तथा लाठी, पत्थर या धारदार हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'चिंतन शिविर 2.0' को बताया नीति-निर्माण का सशक्त मंच



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि 'चिंतन शिविर 2.0' जैसे प्रशिक्षण सत्र शासन को नया दृष्टिकोण और नीति निर्माण प्रक्रिया को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मंत्रीगणों को सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुर सीखने का अवसर मिलता है। आईआईएम रायपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के प्रथम सत्र में सीएम विष्णुदेव साय और राज्य के सभी मंत्रीगण शामिल हुए। इस सत्र में 'परिवर्तनकारी नेतृत्व', 'दूरदर्शी शासन', 'संस्कृति', 'सुशासन' और 'राष्ट्र निर्माण' जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।

आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने 'परिवर्तनकारी नेतृत्व एवं दूरदर्शी शासन' विषय पर अपने व्याख्यान में भगवद्गीता के श्लोकों के माध्यम से निष्काम कर्म और नैतिक प्रशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्य केवल फल की आशा से नहीं, बल्कि उसके सही होने के कारण किया जाना चाहिए।

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने 'संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा, 'भारत की एकता केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भी है। राष्ट निर्माण केवल नीतियों या संसाधनों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से संभव है।÷ उन्होंने अंत्योदय के महत्व पर बल देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सुशासन की प्राथमिकता बताया। सीएम साय ने कहा कि चिंतन शिविर जैसे आयोजन शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं। उन्होंने दोनों विशेषज्ञ वक्ताओं के विचारों को अत्यंत प्रेरणादायक और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी बताया।

## चिराग पासवान का बड़ा ऐलान, बोले- बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ूंगा चुनाव



आरा (आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। अब केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मजबूत करने के लिए लड़ी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने खुद की दावेदारी पर बोलते हुए कहा कि उनकी सीट का फैसला जनता करेगी। चिराग आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में नव संकल्प महासभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, हमारा गठबंधन सिर्फ बिहारियों के विकास के लिए है, हम इसके लिए विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। मुझसे पूछा जाता है कि मैं कहां से चुनाव लड़ूंगा। मैं कहता हूं कि मैं बिहार के सभी 243 सीटों से चुनाव लड़ूंगा। मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, ताकि एनडीए को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें।

चिराग ने कहा, मेरे अपनों ने ही मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। तब यहां की जनता ने ही मेरा साथ दिया। बिहार की जनता ही मेरा परिवार है। ऐसे में यह फैसला भी बिहार की जनता को ही लेना है कि मैं कहां से विधानसभा चुनाव लड़ूं। यह भी आप पर ही छोड़ता हूं। आप जहां से बोलेंगे, मैं वहां से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और आपके क्षेत्र का विधायक बनूंगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तेलंगाना मंत्रिमंडल का विस्तार : कांग्रेस सरकार में तीन नए मंत्रियों ने ली शपथ



हैदराबाद। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने रविवार (8 जून) को तेलंगाना में अपने पहले कैबिनेट विस्तार की घोषणा की। इस अवसर पर तीन नए कांग्रेस विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। ये नियुक्तियां राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही हैं।

राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा की उपस्थिति में जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई, उनमें जी विवेक वेंकट स्वामी (चेन्नूर, एससी-माला), अदलुरी लक्ष्मण कुमार (धर्मपुरी, एससी-मडिगा) और वक्ति श्रीहरि (मकथल, बीसी-मुदुराज) का नाम शामिल है। इसके साथ ही रेवंत सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या 12 हो गई है, जबकि अभी भी 6 पद रिक्त हैं।

### सामाजिक संतुलन की दिशा में कदम

इन तीनों नेताओं का चयन खास समुदायों से हुआ है, जिनमें दो अनुसूचित जातियों (एससी) और एक पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता दे रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह रणनीति आगामी कैबिनेट विस्तार से पहले जातिगत संतुलन साधने की कोशिश है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 2026 में बंगाल और तमिलनाडु में हमारी ही सरकार बनेगीः शाह



मदुरै (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी की बैठक में कहा कि 2026 में बंगाल और तमिलनाडु में हमारी ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी-अन्नाद्रमुक मिलकर तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनाएंगे और लोग 2026 के चुनावों में डीएमके को हराएंगे।बंगाल में विधानसभा चुनाव शुरू हो चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पहलगाम की घटना और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल आए थे। उन्होंने बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में सभा से राज्य में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान भी किया था। इसके ठीक बाद शाह बंगाल आए। उन्होंने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में कार्यकर्ता सम्मेलन किया। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल नेता ममता बनर्जी पर हमला बोला। तृणमूल ने शाह को जवाब दिया। प्रधानमंत्री द्वारा अलीपुरद्वार में बैठक करने के तुरंत बाद ममता ने भी उन पर हमला बोला, जिससे यह साफ हो गया कि उनकी पार्टी ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

उस माहौल में शाह ने फिर बंगाल पर कब्जे की चेतावनी दी। वह रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। वहां शाह ने कहा, 2026 में बंगाल और तमिलनाडु में सरकार बनाएगी। वहीं तृणमूल प्रवक्ता और पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा, ये उनके दिवास्वप्न हैं। वे 2021 से ही ये बातें कह रहे हैं। उन्होंने एक बार भाजपा कार्यकर्ताओं से ऐसे वादे किए थे। उसके बाद उनकी भद्द पिट गई। कुणाल ने चुटकी लेते हुए कहा, उन्होंने सिर्फ तमिलनाडु में ही ऐसा क्यों कहा? जीतने का दावा करने के बावजूद उन्हें यह भी कहना चाहिए था कि 2021 में पश्चिम बंगाल में उनकी भद्द पिट गई। शाह ने तमिलनाडु की सरकारी एजेंसी टीएएसएमएसी पर वित्तीय घोटाले के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूरोप की एक हफ्ते यात्रा पर जयशंकर रवाना, पाकिस्तान को करेंगे बेनकाब



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर एक हफ्ते की यूरोप यात्रा पर रविवार को रवाना हुए। इस यात्रा के दौरान जयशंकर फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं से द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों पर बात करेंगे।

बताया गया है कि इस दौरान वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के जीरो-टोलेरेंस अभियान को लेकर सबसे मुखर हो कर बात करेंगे और पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई के पीछे की जरूरत के बारे में इन देशों के नेताओं को बताएंगे।

### अंतिम चरण में है व्यापार समझौता

यह यात्रा तब हो रही है कि जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। इस साल के अंत तक दोनों के बीच एफटीए होने के पूरे आसार है।

जयशंकर के इस दौरे में निश्चित तौर पर यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठेगा।यात्रा के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस आज की तारीख में भारत का सबसे विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार देश है।

### जी-7 को लेकर करेंगे चर्चा

विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर पेरिस और मार्शेले जाएंगे। वहां उनकी फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोइल बैरो से मुलाकात होगी। बताया जा रहा है कि दोनों विदेश मंत्रियों की मुलाकात कनाडा में इस महीने के मध्य में होने वाली जी-7 बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रो के बीच होने वाली मुलाकात की जमीन तैयार करेगी।

यूरोपीय संघ के उप राष्ट्रपति काजा कलास के साथ जयशंकर की प्रस्तावित रणनीतिक वार्ता को भी काफी अहम माना जा रहा है। फरवरी, 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों की पूरी टीम भारत के पहले दौरे पर आई हुई थी। भारत के साथ रणनीतिक संबंधों को ईयू काफी अहमियत दे रहा है। जयशंकर की ईयू के अधिकारियों के साथ होने वाली वार्ता को इस संदर्भ में देखा जा रहा है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में कृषि क्षेत्र में आया बड़ा बदलाव

### बजट पांच गुना बढ़ा, एमएसपी दोगुनी हुई



नई दिल्ली,08 जून (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के कृषि क्षेत्र में बीते 11 वर्षों में बड़ा बदलाव आया है। एक तरफ कृषि क्षेत्र के लिए सरकार ने बजट को पांच गुना बढ़ाया है और दूसरी तरफ किसानों को उचित मूल्य देने के लिए गेहूं और धान जैसी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को दोगुना कर दिया है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच वर्षों में कृषि क्षेत्र का बजट पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 1,37,664 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपए था। इससे कृषि क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और किसान कल्याण को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

इसके साथ ही मोदी सरकार बीते 11 वर्षों में किसानों के लिए एमएसपी को दोगुना करने में सफल रही है। गेहूं के लिए एमएसपी वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,425 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 1,400 रुपए प्रति क्विंटल थी। वहीं, धान के लिए एमएसपी वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,369 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 1,310 रुपए प्रति क्विंटल थी।

2014 और 2025 के बीच 14 खरीफ फसलों की खरीद 7,871 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक पहुंच गई, जबकि पिछले दशक में यह 4,679 एलएमटी थी।

इसके अलावा सरकार के प्रयासों के कारण देश के खाद्य उत्पादन में बीते एक दशक में काफी प्रगति हुई है। खाद्य उत्पादन 2014-15 में 265.05 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 347.44 मिलियन टन हो गया है। इसमें चावल, गेहूं, दालें और तिलहन जैसे प्रमुख खाद्य उत्पाद शामिल हैं। जलवायु-अनुकूल और पोषण-समृद्ध फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे मोटे अनाज, दालों और तिलहनों के लिए उत्पादन में तेज वृद्धि देखी गई है।

मोदी सरकार के केंद्र में किसानों का वित्तीय सशक्तिकरण रहा है। पीएम-किसान योजना के तहत, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ आय सहायता सुनिश्चित करते हुए 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे 3.7 लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। 7.71 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे 10 लाख करोड़ रुपए का ऋण किसानों में वितरित किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण सीमा 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

## 19 ब्रह्मोस और क्रिस्टल मेज मिसाइलों ने उड़ाए पाकिस्तान के होश


ऑपरेशन सिंदूर पर नया खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का बदला लेने के लिए भारतीय आर्म्ड फोर्स ने जिस ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया, उस पर नए खुलासे हुए हैं। भारतीय सेना ने लश्कर और जैश के मुख्यालय पर अलग-अलग मिसाइलों से हमला किया था। इसके साथ ही पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चली झड़प में किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया और कितना नुकसान हुआ इसकी भी जानकारी सामने आई है। भारत ने कुल 19 ब्रह्मोस मिसाइलों और क्रिस्टल मेज मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े योजनाकारों और सैन्य प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर के एक महीने पूरे होने का जश्न भी मनाया है। इस दौरान कि रक्षा मंत्रालय ने तीनों सेनाओं को हथियारों और मिसाइलों की नई खेप खरीदने की इजाजत दे दी है। इसमें लम्बी दूरी की लोइटरिंग गोला-बारूद, आर्टिलरी शेल, कामिकाजे ड्रोन और बियॉन्ड-विजुअल-रेंज एयर-टू-एयर मिसाइलें शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक सेना की कार्रवाई और सैटेलाइट तस्वीरों से इस बात की पुष्टि हुई है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के चार लड़ाकू विमानों (चीन निर्मित) और दो बड़े विमानों (संभवतः एक सी-130जे और एक साब 2000 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग सिस्टम) को मार गिराया।

सूत्रों ने यह भी बताया कि कि सरगोधा, रफीकी, जैकबाबाद और नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी) सहित 11 एयरबेसों पर भारतीय वायुसेना के मिसाइल हमले के दौरान दो एफ-16 लड़ाकू विमान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भारत के राफेल लड़ाकू विमानों, एस-400 मिसाइल सिस्टम और एम777 हॉवित्जर ने चार दिनों के संघर्ष के दौरान खुद को बखूबी साबित किया।

रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 7 मई को भारत का पहला आतंकवाद विरोधी हमला सफल रहा। मरकज-ए-तैयबा (मुरीदके में लश्कर का मुख्यालय) पर चार से पांच क्रिस्टल मेज मिसाइलों से हमला किया गया। मरकज-ए-सुभान अल्लाह में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने पर राफेल लड़ाकू विमानों से दागी गई छह एससीएएलपी मिसाइलों ने हमला किया गया और बंकर-बस्टिंग तकनीकों का उपयोग करके पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

भारतीय सेना के एम777 हॉवित्जर तोपों द्वारा यूएस निर्मित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

APEX SUPER
SPECIALITY HOSPITAL
कैंसर का संपूर्ण ईलाज

07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)

## पहला कॉलम...

### आज कुम्हालोरी में कबीर जयंती समारोह



राजनांदगांव (दावा)। सुरगी समीपस्थ ग्राम कुम्हालोरी में 9 जून को कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के बिसाहूराम साहू, ओंमकार साहू ने बताया कि सुबह 10 बजे से 1बजे तक एवं 3 बजे से 5 बजे तक कबीर जयंती समारोह होगा। ओंमकार साहू ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### बजरंगपुर नवांगॉंव में 15 जून कबीर प्राकट्य महोत्सव



राजनांदगॉंव (दावा)। स्थानीय वार्ड क्रं. 01 बजरंगपुर नवांगॉंव में नगर इकाई साहू समाज एवं वार्डवासियों द्वारा 15 जून रविवार को कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन कर्मा सामुदायिक भवन में रखा गया है। कार्यक्रम रविवार 15 जून सुबह 11 बजे सत्संग एवं दिव्य प्रवचन महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी रायपुर के साथ आरंभ होगा। दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवं भवन का भूमिपूजन होगा एवं दोपहर 3 बजे प्रसादी भोजन एवं चौका आरती का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, विशेष अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, नीलमणी साहू महामंत्री, कुलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, अंजू साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजनांदगॉंव एवं सावन वर्मा पार्षद वार्ड क्रं. 2 होंगे। उक्त जानकारी समाज के मिडिया प्रभारी योगेश साहू ने दी।

### 18 साल से फरार पशुक्रुरता के लंबित स्थायी वारंटी को किया तामिल




राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के 18 साल से फरार पशुक्रूरता के लंबित स्थाई वारंटी को पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तामील की है। बताया जाता है कि डोंगरगढ़ अनुभाग स्तर पर वारंट तामिल हेतु विशेष टीम बनाई गयी हैं।

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश में एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के द्वारा अनुविभागीय स्तर पर लंबित स्थायी वारंट तामिल करने हेतु थाना डोंगरगढ़, बागनदी, बोरतलाव, छुरिया, ओपी चिचोला, ओपी मोहारा का एक स्पेशल टीम गठित किया गया हैं। उक्त गठित टीम बनाकर रविवार 8 जून को महाराष्ट्र से थाना डोंगरगढ़ का अपराध क्रमांक-57/2007 धारा- 4,6 पशुक्रूरता अधिनियम के आरोपी जगरीश पिता हरदू कन्नोजिया उम्र 35 साल निवासी चिचटोला पिपरिया साल्हेवारा जिला गोंदिया महाराष्ट्र निवासी को जो 18 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को तामिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि विनोद वर्मा, प्र.आरक्षक मनोज साहू, आरक्षक विक्रम चन्द्रवंशी, दिलीप बांधे, मिलकन वाल्टर का विशेष योगदान रहा।

### बसपा पूर्व महापौर प्रत्याशी शमसूल आलम ने छोड़ा बसपा का दामन, घर वापसी कर जनता कांग्रेस में किया प्रवेश




राजनांदगांव(दावा)। आज रायपुर सिविल लाइन स्थित जोगी बंगले में बसपा पूर्व महापौर प्रत्याशी शमसूल आलम ने छत्तीसगढ़ महतारी व छत्तीसगढ़ प्रथम की विचारधारा से घर वापसी कर प्रदेश कोर कमेटी के समक्ष जोगी कांग्रेस का दामन थाम लिया है। शमसूल आलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों की लड़ाई लड़ने में बसपा का शीर्ष नेतृत्व जमीनी लड़ाई लड़ने में असमर्थ दिखाई दे रहा था और छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र स्व. अजीत जोगी जी की विचारधारा से ही छत्तीसगढ़ के साढ़े तीन करोड़ लोगों को उनका अधिकार मिल सकता है।







# जिला भाजपा ने कुमर्दा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन सहाय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कुमरदा मंडल की आज सूची जारी की।

जिसके अनुसार हिरदे राम देवांगन अध्यक्ष, टुमेश साहू उपाध्यक्ष, चन्दूलाल पटेल उपाध्यक्ष, श्रीमती चित्रलेखा साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती रजवन्तीन बाई उपाध्यक्ष, पतिराम साहू महामंत्री, कोमल सिन्हा महामंत्री, मन्होर साहू मंत्री पांगरी, ठाकुर राम यादव मंत्री उमरवाही, श्रीमती महाबती नेताम मंत्री, श्रीमती लक्ष्मी बाई गुहा मंत्री, दिग्विजय दास साहू कोषाध्यक्ष, चोवाराम साहू सह कोषाध्यक्ष, कपिल बघेल मिडिया प्रभारी गोड़लवाही, डिलेश्वर मानिकपुरी सोशल मिडिया प्रभारी मन्होरा, योगेन्द्र राजपूत कार्यालय प्रभारी कुमर्दा, पदाधिकारी- राधेलाल जोशी कांपा, दिग्विजय मिश्रा रतनभाट, रमेश साहू कलड़बरी, अर्जुन ठाकुर पतोरा, पंजूराम पड़ौटी मासुलकसा, दुखुराम साहू छिंदीबिहरी, श्रवण देवांगन बड़गांव, भोला निषाद परेवाड़ीही, मलेश कुंजाम धोबनी, देवलाल साहू बरबसपुर, रूपेश साहू सम्बलपुर, अरविंद पटेल गिदर्री, राधामणी सेन मोहगांव, राजेन्द्र देवांगन गुण्डरदेही, दिनेश महता लालुटोला, प्रितम सिन्हा मरकाकसा । कार्यकारिणी सदस्य : मदन साहू सीताकसा, बंशीलाल चुरेन्द्र दानीटोला, धरम भुआर्य तुर्रेगढ़, तुलाराम देवांगन साल्हे, अशोक देवांगन पथर्री, भुवन साहू पांगरीकला,अदला साहू आंतगांव, भारती देवांगन सोमाझिटिया, लक्ष्मी बाई मंड़ावी मानिकेपुर, हरिला चन्द्रवंशी दानीटोला, चैती बाई जोशी कांपा, हेमिन देवांगन मानिकपुर, भगवती निषाद रतनभाट, हेमिन भारती सोमाझिटिया, तिलकी मानकर खुर्सीटीकूल, चन्द्रिका बाई साल्हे, रूखमणी सिन्हा माटरा खुज्जी, चेकीबाला चौहान कुमर्दा, सरिता भुआर्य आमगांव नियुक्त किये गये है।




विशेष आमंत्रित सदस्य :- हिरासिंग कौशिक कुमर्दा, दिलीप निर्मलकर मोतीपुर, भुनेश्वर साहू देवरी, लिलेश देवांगन चांदो, मूलचंद चौधरी पथरागांव, गोपाल बघेल गोड़लवाही, पतराखन पड़ौटी भेजराटोला, लोकेश कुमार मोतीपुर, यशवंत साहू चारभाठा, चित्रलेखा चिरचारीखुर्द, हरिश चन्द्राकर भेजराटोला, मन्होर साहू पांगरीखुर्द, उमराव शंकर साल्हे, लीलाराम पटेल गिदर्री है।

विशेष आमंत्रित सदस्य : जजमान रावटे उमरवाही, भागीरथी नारंग आयबांधा, नंदुलाल देवांगन मानिकपुर, दयाल दास पांगरी, संतोष पांडे जी सांसद, कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा, गोपाल सिंह भुआर्य जिला पंचायत सदस्य, मधुसुदन यादव महापौर/पूर्व सांसद, हिरेन्द्र साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, कैलाश शर्मा जिला मंत्री, संजय सिन्हा जनपद अध्यक्ष (छुरिया), भारती देवांगन जनपद पंचायत सदस्य, लक्ष्मी मंडावी जनपद पंचायत सदस्य, हरिला चन्द्रवंशी जनपद पंचायत सदस्य, चैती बाई जोशी जनपद पंचायत सदस्य, अनिरूद्ध चन्द्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुन्दर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, गोपाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष।

स्थाई आमंत्रित सदस्यः- बोधन साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, कंसु यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य, दिनदयाल साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पिछडा वर्ग मोर्चा, ह्दय राम चन्द्रवंशी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, नूनकरण भूआर्य पूर्व महामंत्री भाजपा मंडल कुमर्दा है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जून के अंत में आएंगे छत्तीसगढ़, नक्सल मोर्चे पर जवानों का बढ़ाएंगे हौसला



रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस जून माह के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। अपने प्रवास के दौरान, गृह मंत्री नक्सल विरोधी अभियानों में जुटे सुरक्षाबलों के जवानों से सीधे संवाद करेंगे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब राज्य में नक्सल मोर्चे पर सुरक्षाबलों को महत्वपूर्ण सफ्लताएं मिली हैं। हाल ही में नक्सलवाद के खिलाफमिली इन बड़ी कामयाबियों के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मान किया था। अब वे स्वयं छत्तीसगढ़ आकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाएंगे और उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। इस दौरे से सुरक्षाबलों में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद है।

## बोईरटोला नाले में मिला युवक का शव : युवक हुई शिनाख्त, हत्या की आशंका

राजनांदगांव (दावा)। बोरतलाव थाना क्षेत्र के बागरेकसा जंगल में शुक्रवार को मिली किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश की पुलिस द्वारा शिनाख्त कर ली गई है।



बताया जाता है कि उक्त लाश की पहचान ठेलकाडीह निवासी 23 वर्षीय सूरज सेन के रुप में की गई है। परिजनों द्वारा भी शव की पुष्टि कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों शुक्रवार 6 जून को सीतागोटा से बागरेकसा जाने वाले रास्ते में बोईरटोला नाले के अंदर एक अज्ञात शव मिला था।

उक्त अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 28-30 साल व ऊंचाई 5 फीट 8 इंच आसपास बताई जाती है। मृतक हरा रंग का लोवर जिनसे सफेद रंग से अंग्रेजी में यूं बी लिखा है, नीला रंग का अंदर वियर पहना हुआ है जिसमें सफेद में अंग्रेजी में एएक्स लिखा है, गले में सफेद लाल रंग का माला पहना है। शव 4-5 रोज पूर्व का लग रहा हैं जिस पर थाना बाघनदी में मर्ग क्रमांक 14/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पुलिस द्वारा इसे हत्या का मामला मानते हुए अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस द्वारा उक्त घटना के संबंध में एक संदेही व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

बताया जाता है कि जिस शव की पहचान सूरज सेन के रुप में की गई उसका विवाह महज एक साल पहले सहसपुर दिल्ली की एक युवती से हुआ था। पुलिस ने उक्त अज्ञात शव की शिनाख्त उसके हाथ में लिखे नाम और शरीर में शरीर में मिले अन्य चिन्हों के आधार पर की है। पुलिस की जांच अभी जारी है। बताया जा रहा है कि उक्त हत्या के मामले में जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

## श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रयाण दिवस पर गायत्री महायज्ञ



राजनांदगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव स्थित गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मां भगवती गंगा, मां गायत्री के अवतरण दिवस एवं परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण दिवस पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गायत्री महायज्ञ आयोजन के पूर्व प्रथम बुधवार को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 7 बजे तक अखंड जाप किया गया। जिसमें नगर के एवं आसपास के गांव से गायत्री परिवार के साधको की उपस्थिति रही।

**जप-तप सहित पूजा आराधना का बना रहा माहौल**

#### गंगा पूजन एवं गायत्री महायज्ञ

द्वितीय दिवस 9 बजे से देव आह्वान एवं देव पूजन कर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रातःकाल 9 बजे से 1 बजे तक यज्ञ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात अखंड ज्योति एवं परम वंदनीया माता जी के शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व की तैयारी पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए नियमित उपासना, साधना, स्वाध्याय, समय दान एवं अंशदान करते रहने के लिए आग्रह किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन जयप्रकाश सिन्हा द्वारा किया गया। समूह साधना एवं वृक्षारोपण भी किया गया। अंत में गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी बाल कृष्णा सिन्हा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय साधकों के अतिरिक्त आसपास के गांव से भी बड़ी संख्या में गायत्री परिजन व सनातन धर्मी जन इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग का राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन 11 को रायपुर में



राजनांदगांव (दावा)। अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग का राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन आगामी 11 जून को राजधानी रायपुर में आयोजित किया गया है। समाज प्रमुखों द्वारा आंदोलन को सफल बनाने जोरो-शोरों से तैयारियां की जा रही है।

**आंदोलन को सफल बनाने समाज प्रमुख द्वारा की जा रही जोरदार तेयारी**

इस संबंध में अजाक्स के जिला अध्यक्ष डेविड भूआर्य एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के जिला अध्यक्ष लेखराम मात्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें अजा-जजा वर्ग के पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित कर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश को पदोन्नति में तत्काल लागू करना, बैकलॉग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने, जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का निर्धारण, आरक्षित वर्गों के बच्चों के छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा को समाप्त करना, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारियों की सेवा समाप्ति, जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण, अजा -जजा उपयोजना का बजट अधिनियम बनाना, छत्तीसगढ़ लोक सेवा अधिनियम 1994 के प्रावधानों को शत प्रतिशत लागू करना तथा पांचवी अनुसूची क्षेत्र के 85 विकास खंडों में स्थानीय प्रशासन का पेसा कानून के तहत प्रभावी क्रियान्वयन करवाना आदि मांगे शामिल है। श्री भूआर्य व श्री मात्रा सहित प्रहलाद ठाकुर, कपूरचंद डोंगरे, ईश्वर चंद्रवंशी, बी.एन धनगुन, महादेव वाल्दे,रोम सिंह मंडलोई तथा पूरनलाल उईके सहित अन्य लोग आंदोलन के प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। उन्होंने समाज के लोगों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## शक्तिधाम परिवार ने किया चिखली मुक्तिधाम में वृहद वृक्षारोपण







राजनांदगांव(दावा)। शक्तिधाम महाकाली मंदिर की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा गुरुदेव हरीश यादव के सानिध्य में शीतल छाया प्रदान करने वाले नीम, पीपल, करण, बादाम जैसे 21 पौधों का चिखली मुक्तिधाम परिसर में रोपण किया गया।

वृक्ष लगाओ-पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत आज शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर बाबुटोला की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा आज चिखली स्थित मुक्तिधाम में पौधारोपण किया गया, जहां गुरुदेव हरीश यादव की अगुवाई में शीतल छाया प्रदान करने वाले नीम, पीपल, करण, बादाम जैसे लगभग 25 पेड़ लगाए गए। श्री यादव ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक रविवार को अलग-अलग वार्डों में चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति में जितने भी सदस्य है, सभी शहर के अधिकतम अलग-अलग वार्डो से है, हमारी संस्था सभी वार्डो में वृक्षारोपण कर उस वार्ड के सदस्य को इसके संरक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि पौधों की सही देखभाल हो सके। इस अवसर पर शक्तिधाम के अखिलेश बंजारा, किशन चौरसिया, भोज वर्मा, भगवती निषाद, प्रशांत वर्मा, चंद्रेश साहू, भैरव यादव, लव यादव, बिट्टू रामटेके, राकेश देवांगन, लोकेश सिन्हा, शेखर दुरुगकर, अजय यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## हिंदू-मुस्लिम के झगड़ों को मिटाया, विश्व के महान गुरु हैं संत कबीर साहेब - त्रिलोकी दास साहेब





राजनांदगांव (दावा)। सोमनी समीपस्थ ग्राम खुटेरी मे कबीरपंथी साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान मे 8 जून दिन रविवार को कबीर कुटी ग्राम खुटेरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत सम्राट सतगुरु कबीर साहेब की असीम कृपा से कबीर प्राकटय दिवस का आयोजन किया गया। परम पूज्य महंत त्रिलोकी दास साहेब कबीर आश्रम पोटियाहीह जिला धमतरी छत्तीसगढ़ अपने संत मंडली के साथ सात्विक चौका आरती संपन्न किया। आयोजक समिति के हेमंत साहू पूर्व सरपंच ने बताया कि आज बच्चे महिलाओं अपने सिर पर कलश रखकर गली भ्रमण किया और आमीन माता महिला मंडल द्वारा कबीर भजन गाते हुए गली भ्रमण किया गया जिसे बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

संत त्रिलोकी दास साहेब ने कहा कि साहेब की साहेबी सबके अंदर समाया है, इसलिए सबको साहब कहते हैं,साहब शब्द अगर आप किसी की बंदगी करते हैं। साहेब किसको कहते हैं तुलसीदास कहते हैं की साहेब सृष्टि के कर्णधार को साहेब, जो सबका नाथ है वह साहेब है वो साहब कैसे हैं बिना पैर, बिना आंख जब उसका विचार आए प्रगट होते हैं और विलुप्त हो जाते हैं सदा आनंद देता है वह साहेब है आना-जाना नहीं होता है जिसका जन्म मरण नहीं होता है उसे साहेब कहते हैं जिनका जन्म मरण होता है उसे भगवान कहते है. साहेब से पूछे धर्मदास जी धर्मदास मेरे आने का कारण है कि जीवन को दुखी देखकर आया हूं इस भवसागर में जीव दुखी है इसलिए मैं आया हूं जिस समय साहेब जी आए उस समय हिंदू मुस्लिम में लड़ाई खूब चल रही थी मेरा निवास तो सतलोक है काशी के लहर तालाब में जब प्रकट हुआ उस समय चारों तरफ प्रकाश की प्रकाश फैल गया उसे समय लहर तालाब के प्रकाश को अष्टानंद महाराज ने पहले देखा, जो प्रकाश को देखा वह उसने कहा कि वह परमात्मा है. श्री साहेब ने आगे कहा कि नीमा और नीरू का पहली बार गौना लेकर नीमा को प्यास लगी तो लहर तालाब के पास रुक गए और वहां देखते हैं कि ज्योति स्वरूप कोई आवाज लग रहा है उसे समय साहेब ने कमल पुष्प में एक बालक के रूप में प्रकट हुए और कहा कि मैं ज्योति स्वरूप हूं बाल स्वरूप सतगुरु बोले सदगुरु कबीर साहेब इस कलिकाल में 14 बार आया हूँ। श्री साहब ने आगे कहा कि नीमा और नीरू को पक्का विश्वास हो गया उसे अपने साथ घर जाने पर लोग क्या कहेगे के कई सवाल खडे हो गए।

**◦ कबीर भजन गाते हुए बच्चों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर किया गली भ्रमण**
**◦ संत श्री त्रिलोकी दास साहेब ने किया वृक्षारोपण**

संत त्रिलोकी दास साहेब ने आगे कहा की 7 दिन के जन्मे बछिया के थन से दूध निकाल जाए तो समझ लेना कि वहा परमात्मा है कलयुग में केवल उद्धार करने आए हैं उन्होंने कहा कि मौली पंडित के पास अपना नाम खुद घोषित किया कबीर, कबीर साहेब बचपन से ही शिक्षा देने लग गए छुआछूत को समाप्त किया सबके अंदर राम अल्लाह है हिंदू मुसलमान की झगड़ा को मिटाया,विश्व की महान गुरु है संत कबीर।

हिंदू मुसलमान को अपना शिष्य बनाया। उन्होंने कहा जब हिंदू मुस्लिम कब्र से जब कबीर साहेब गए तो आधे हिस्से को हिंदू ले गए और उन्होंने मंदिर बनाए और मुस्लिम लोग मस्जिद बनाए। श्री संत त्रिलोकी दास साहेब ने आगे कहा की आज यहां से संकल्प लेकर जाएं की मैं सच्चा कबीरपंथी बनूगा कभी भी नशापन नहीं करूंगा यह संकल्प लेकर अपने जीवन को धन्य बनाए।

#### संत त्रिलोकी साहेब ने किया वृक्षारोपण

कबीर कुटी खुंटेरी में आज संत त्रिलोकी साहेब ने आमीन माता महिला मंडल के साथ वृक्षारोपण किया और वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

# गंज मंडी में बड़ी मात्रा में धान की आवक, रखने की जगह नहीं



**शेड होने के बाद भी खुले में पड़े धान, बारिश में भीगने का खतरा, परेशान हो रहे किसान**

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों कृषि उपज मंडी में बड़ी मात्रा में धान की आवक हो रही है। आलम यह है कि मंडी में शेड के अंदर परिसर से में बाहर भी रखने रंच मात्र भी रखने को जगह नहीं मिल रहा। इससे किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि आसपास के गांव जंग्लेसर, खैरा, भर्रेगाव, मोहड़, सिंगदई, पनेका बांकल आदि के अलावा बालोद जिले से भी बड़ी मात्रा में मंडी में दिन की आवक हो रही है। इसके चलते मंडी में धान रखने की जगह नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में किसानों के अपनी मेहनत की कमाई को खुले आसमान के नीचे रखनी पड़ रही हैं, जिसे बारिश में भीग जाने का खतरा बना हुआ है।

बताते चले कि दूर-दराज से मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों के लिए एक भी तरीके की सुविधाएं नहीं मिल रही। केंटिन सुविधा होने के बाद भी किसान बाहर भटकते नजर आते हैं। यहां काम करने वाले हमाल व किसानों को शुद्ध पानी के लिए तरसना पड़ता है। मंडी में शेड होने के बावजूद किसानों को धान सहित अन्य फसलों को खुले स्थान में बेचने की मजबूरी बनी हुई है।

मंडी आढ़तियों की मानें तो मंडी में व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। व्यापारियों की ओर से कोई बोलने वाला नहीं होने से मंडी का बूरा हाल बना हुआ है। पहले शरद चितलांग्या, कमल गांधी आदि व्यापारी नेता हुआ करते थे तो मंडी का सभी कार्य व्यवस्थित ढंग से चलता था। उनके नहीं होने से किसानों से लेकर व्यापारियों व मंडी में काम करने वाले लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

### बारिश में भीग सकते हैं धान

बता दें कि पिछले हफ्ते हुई जमकर बारिश से मंडी परिसर में रखे व्यापारियों के लाखों रुपए के धान भीग गए थे। चूंकि मंडी में बड़ी मात्रा में आ रही धान के चलते शेड के नीचे रखने के लिए पर्याप्त रुप से जगह नहीं मिल पा रहा। इसके चलते व्यापारी हो या किसानों को मंडी के नीलामी वाले शेड से बाहर अपने धान को खुले आसमान के नीचे रखनी पड़ रही है। बताया जाता है कि रोजाना 30-40 हजार कट्टा धान की आवक हो रही है। जिसमें से बामुश्किल 10-12 हजार कट्टा धान कट पा रहा है।

शेष धान को मंडी शेड के अंदर या बाहर ही रखवा दिया जा रहा है। चूंकि अभी बारिश- पानी का माहौल बना हुआ है इससे बाहर रखे लाखों की धान को भीगने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

### गर्मी फसल के धान की आवक हुई तेज

मंडी सूत्रों की मानें तो इन दिनों मंडी में गर्मी फसल के धान की आवक तेज बनी हुई है। इसमें खासकर पतला धान व महामाया धान की आवक ज्यादा है। हालांकि इसमें क्वालिटी नहीं है कहा जा रहा है इसके बावजूद पतला धान 17 से 18 सौ रुपए प्रति क्विंटल व महामाया 21 से साढ़े 21 सौ रुपए प्रति क्विंटल जा रहा है। हालांकि कहा जा रहा है कि मंडी में किसानों को आधुनिक सुविधाएं दी जा रही है लेकिन उपरोक्त परिस्थितियों को देखते तो ऐसा नजर नहीं आता।

आदर्श मंडी के रुप में चिह्नित बसंतपुर कृषि उपज मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों को ग्रेडिंग सुविधा नहीं मिलने से वे अपनी फसल औने-पौने दाम में बेचते नजर आते हैं। मंडी में सुरक्षा के लिए मात्र दो चौकीदार है। जबकि इतनी बड़ी मंडी में और चौकीदारों की आवश्यकता बताई जाती है जिससे मंडी क्षेत्र में घुस आने वाले असामाजिक तत्व, गुंडे-बदमाश चोरों व मादक पदार्थों के सेवन कर हुड़दंग मचाने वाले तत्वों को रोका जा सके।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने का आह्वान

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने एक बार फिर माओवादियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही माओवादियों से बातचीत करने को तैयार हैं, बशर्ते वे इसके लिए आगे आएं। शर्मा ने सभी से पुनर्वास नीति का लाभ उठाने का आग्रह किया, जिसका जिक्र उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में विष्णु देव सरकार द्वारा चलाई जा रही बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के रूप में किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चल रहे सुरक्षाबलों के अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवानों द्वारा चलाया जा रहा यह सर्च ऑपरेशन 5 जून से पहले ही शुरू हो गया था। इस अभियान में जवानों को लगातार सफलता मिल रही है। 5 जून को एक सेंट्रल कमेटी सदस्य को मार गिराया गया। अगले दिन तेलंगाना स्पेशल जोनल कमेटी के एक सदस्य को न्यूट्रलाइज किया गया। आज पांच और वर्दीधारी और हथियारबंद नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने उन पुलिस अधिकारियों और जवानों के सम्मान पर भी बात की, जिन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली स्थित अपने निवास पर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मान उन लोगों को दिया गया है जिन्होंने बड़े ऑपरेशन किए हैं, बड़े अभियान किए हैं और बड़े परिश्रम से काम किया है। सम्मानित होने वालों में डीजीपी गौतम, नक्सल ऑपरेशन के प्रमुख विवेकानंद, बस्तर के आईजी सुंदरराज, नारायणपुर के एसपी, बस्तर के एसपी और बीजापुर के एसपी शामिल हैं।

# आज से भगवान श्री झूलेलाल कथा



राजनांदगांव (दावा)। श्री सिद्धेश्वर झूलेलाल समिति, संत कंवर राम सेवा मंडल, पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाधी नगर राजनांदगांव द्वारा नौ जून सोमवार से 11 जून तक भगवान श्री झूलेलाल कथा एवं सामूहिक पूज्य बहराणा साहेब का आयोजन किया जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी अशोक पंजवानी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम नौ जून सोमवार की शाम 7.30 बजे से सिंधु भवन हेमू कालाणी नगर राजनांदगांव में आयोजित है। पहले दिन शाम को श्री झूलेलाल मंदिर में झूलेलाल कथा सदगुरू सांई लालदास सहेब के श्री मुख से होगी। इसी तरह 10 व 11 जून को रात्रि 7.30 बजे से झूलेलाल कथा सदगुरू सांई लालदास सहेब के श्री मुख से होगी। प्रतिदिन कथा पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। 12 जून गुरूवार को सामूहिक 251 पूज्य बहराणा साहेब कार्यक्रम होगा। उन्होंने समाज के सभी भाई-बहनों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# कांग्रेस करेगी युक्तियुक्तकरण का विरोध: हर ब्लॉक में निकालेंगे शिक्षा न्याय यात्रा, डीईओ ऑफिस का घेराव; 4 प्रभारियों की नियुक्ति



**पंकज बांधव नांदगांव, मदन साहू छुरिया, विपिन यादव डोंगरगढ़ और रमेश खंडेलवाल डोंगरगांव के प्रभारी बने**

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने ब्लॉक में मुख्यलियों में आयोजित होने वाले शिक्षा न्याय आंदोलन को सफल बनाने ब्लॉक मुख्यालय प्रभारीयों की नियुक्ति कर दी है। शनिवार को सतनाम भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत रमेश खंडेलवाल को डोंगरगांव, विपिन यादव को डोंगरगढ़, मदन साहू को छुरिया और पंकज बांधव को राजनांदगांव विकासखंड मुख्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

श्री साहू ने बताया कि शिक्षा न्याय आंदोलन के तहत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घेराव का आयोजन जिला राजनांदगांव के प्रत्येक चार ब्लॉक मुख्यालय में शिक्षा न्याय आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रत्येक ब्लॉक में प्रभार सौपी गई है सभी ब्लॉक मुख्यालय में 10 जून 2025, दिन मंगलवार को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपादित होगा। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के सभी अनुवांशिक संगठन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं उनके समस्त पदाधिकारीगण नेतृत्व प्रदान करेंगे।

श्री साहू ने आगे बताया कि आयोजन को सफल बनाने स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक, छाया विधायक एवं प्रदेश व जिला संगठन प्रमुख की संयुक्त नेतृत्व में शिक्षा न्यायलय आंदोलन एवं कार्यालय का घेराव प्रस्तावित है। ब्लॉक राजनांदगांव में नेतृत्वकर्ता गिरीश देवांगन छाया विधायक, भुनेश्वर बघेल पूर्व विधायक, शाहिद भाई प्रदेश महामंत्री, पदम कोठारी संयुक्त महामंत्री, भागवत साहू जिला अध्यक्ष, कुलबीर छाबड़ा शहर अध्यक्ष, किशन खंडेलवाल पूर्व जिला अध्यक्ष, श्रीमती हेमा देशमुख पूर्व महापौर, जितेन्द्र मुदलियार पूर्व युवा आयोग, अंगेश्वर देशमुख, गोर्वधन देशमुख, अजय मारकण्डे, पूर्व महापौरद्वय नरेश डाकलिया, सुदेश देशमुख, दिनेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष, हफीज खान पूर्व सभापति नगर निगम, पप्पू धकेता, रमेश डाकलिया, अल्ताफ आलम, कुतुबुद्दीन सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्षगण- रतन यादव, शेखर वर्मा, रोहित चंद्राकर, आशिफ अली, सूर्यकांत जैन व अमित चंद्रवंशी, शारदा तिवारी, माया शर्मा, प्रतिमा बंजारे, झम्मन देवांगन, रूबी गरचा, संतोष पिल्ले, राजा तिवारी, मन्ना यादव, रूपेश दूबे, हेम सोनी, जीतू सिन्हा, हनी ग्रेवाल एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण। ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगढ़ में नेतृत्वकर्ता श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल पूर्व विधायक, धनेश पाटिला, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डॉ. थानेश्वर पटिला पूर्व महामंत्री, प्रदीप शर्मा संयुक्त महामंत्री, भावेश सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष, सुदेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, श्रीमती नलीनी मेश्राम, श्रीमती रामक्षत्रिय चंद्रवंशी, गोविंद टंडन, महेश सेन, पुष्पा गौकरण वर्मा, शिशुपाल भारती, अनिल मेश्राम, लोकनाथ भारती, ब्लॉक अध्यक्षगण- विजयराज चौहान, सुरेश सिन्हा, हीरा सोनी एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण। ब्लॉक मुख्यालय छुरिया में नेतृत्वकर्ता भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक, प्रकाश यादव, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, चुम्मन साहू, कांती भंडारी, यशवंत तिवारी, प्रकाश शर्मा, नरेश शुक्ला, राहुल तिवारी, तरूण सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, ब्लाक अध्यक्षगण - रितेश जैन, राजकुमार सिन्हा, अब्दुल खान, गिरधारी साहू एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल रहेंगे।

ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव में नेतृत्वकर्ता दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, गुलाब वर्मा, महेन्द्र यादव, श्रीमती विभा साहू, हीरा निषाद, टिकेश साहू, श्रीमती संध्या साहू, सुरेश नाहटा, विरेन्द्र बोरकर, मोहन अय्यर, सुश्री श्रुति शुक्ला, श्रीमती जमना साहू, बलीराम साहू, रोशन यदु, सूयश नखत, श्रीमती कांती बंजारे, खुमलाल जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष गणेशराम साहू एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल होंगे।

# जुजीत्सु की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा सिंह को एसडीओपी ने दी शुभकामनाएं



**खिलाड़ियों को आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप के अभ्यास हेतु पुलिस बैरक हॉल फिटनेस एवं फाइट हेतु उपलब्ध कराया**

डोंगरगढ़(दावा)। अम्मान जॉर्डन में 9वी एशियाई जुजीत्सु चैंपियनशिप में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए 63 किलोग्राम वजन समूह में कांस्य पदक जीतने वाली डोंगरगढ़ की फाइटर राणा वसुंधरा सिंह को शुभकामनाएं देने डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम एवं थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक राणा अजय सिंह के एकेडमी पहुंचे। जहां सभी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए खेल की तकनीक एवं बारीकियों को जाना एवं सभी खिलाड़ियों को आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप के अभ्यास हेतु छीरपानी के पास बने पुलिस बैरक हॉल फिटनेस एवं फाइट हेतु उपलब्ध कराया। जिससे खिलाड़ियों को अतिरिक्त अभ्यास हेतु एक उचित स्थान प्राप्त हुआ। सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक राणा अजय सिंह ने दोनों अधिकारियों को धन्यवाद प्रदान किया इस अवसर पर श्रीमती अचला ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# बदला मौसम का मिजाज, 21 जिलों में तेज हवा, आकाशीय बिजली और बारिश का अलर्ट जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मानसून कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधि रुक गई थी। वहीं आज शाम को प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश में शाम चार बजे से बादल छाए हुए हैं। बारिश की स्थिति बनी हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने 21 जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटे) की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने आज सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवा?ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम और मुंगेली सहित 21 जिलों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटे) और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना है। छत्तीसगढ़ में बारिश नहीं होने की वजह से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इस दिनों प्रदेश में कहीं बारिश, तो कहीं तेज धूप के साथ उमस और भीषण गर्मी पड़ रही है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के

# बी.कॉम. अंतिम का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट







**कु. भुनेश्वरी मानिकपुरी ने 70.55 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया प्रथम स्थान**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2024-25 में बी.कॉम अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 83.05 प्रतिशत रहा हैं। महाविद्यालय के कुल 118 नियमित विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसके अंतर्गत प्रथम श्रेणी में 12, द्वितीय श्रेणी में 79 एवं तृतीय श्रेणी में 07 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण हुए। 13 पूरक एवं 07 विद्यार्थी फेल हुए। महाविद्यालय की छात्रा कु भुनेश्वरी मानिकपुरी ने कुल प्राप्तांक 1270 अंक कुल अंक 1800 में प्राप्त कर 70.55 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही कु. टिनम कँवर 1237 अंक प्राप्त कर 68.72 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही, तृतीय स्थान पर तहुरा फ़िरदौस 1179 अंक प्राप्त कर 65.50 प्रतिशत पर रही। सर्वोच्च अंक प्राप्त प्रथम स्थान पर रही छात्रा कु. भुनेश्वरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता को प्रदान किया उसी प्रकार द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही छात्रा ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने महाविद्यालय के प्राध्यापकजनों एवं माता पिता को प्रदान किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.वी रेवती के द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये छात्राओं को एवं सभी पास हुए छात्र/छात्राओं सहित वाणिज्य संकाय विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, सहा. प्राध्या. बेदप्रकाश साहू, पूर्वेश बांधव को महाविद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम है, 'रुद्राक्षम् कर रहा है दिशा तय' -मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव (दावा)। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगाँव हॉकी लीग छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का फाइनल मैच एवं पुरुष्कार वितरण समाहरोह सम्पन हुआ। जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में आयोजित सब जूनियर आयु वर्ग का ख़िताब शिवनगर बुल्स ने तो वही जूनियर आयु वर्ग का ख़िताब शान्तिनगर शूरमा ने अपने नाम किया।**

फाइनल मैच व समापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी, महामंत्री जिला भाजपा सौरभ कोठारी, एमआईसी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद एवं पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, वरिष्ठ पार्षद कन्हैया सुनील साहू, पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, पार्षद श्रुति लोकेश जैन, अर्जुन गंगवानी अध्यक्ष पूज्या सिंधी पंचायत, जवाहर वर्मा, एवं पार्षद मनोहर यादव उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि यह चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व के विकास की प्रयोगशाला है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के नेतृत्व मे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी ने जिस प्रकार से इस हॉकी लीग का आयोजन किया है,वह न केवल क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच दे रहा है, बल्कि अनुशासन, खेल एवं संस्कारों को भी मजबूत कर रहा है।÷

### पटरीपार क्षेत्र की एकजुटता एक मिसाल और इस प्रतियोगिता की सफलता इसका प्रमाण - कोमल राजपूत

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोमल सिंह राजपूत ने पटरी पार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों एवं नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि आपकी एकजुटता एक मिसाल है और इस प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन इसका प्रमाण।÷ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार होता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप मे सम्मिलित छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने अपने उद्बोधन मे पटरी पार क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों को बीस हॉकी स्टिक देने की घोसणा की। इन्होने कहा की हॉकी स्वर्णिम युग को वापस लाने के लीये जिला हॉकी संघ एवं छत्तीसगढ़ हॉकी, रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। क्षेत्रिय हॉकी को बढ़वा देना हॉकी संघ का उद्देश्य है और रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी तथा संस्था के मेन्टॉर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस गोल्ड मैडलिस्ट हॉकी कोच मृणाल चौबे इसका माध्यम बने है।

वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि मृणाल चौबे मे हॉकी का जूनून और खेल का जज्बा है। केवल दो बच्चों के साथ चिखली स्कूल के मैदान में मृणाल ने खेल प्रशिक्षण को प्रारम्भ किया था और इनकी लगन और मेहनत ही है जो आज ढाई सौ बच्चे इस मैदान से जुड़ कर एक अनुभवी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे के प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे है।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस गोल्ड मैडलिस्ट कोच मृणाल चौबे ने स्वागत भाषण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और अतिथियों को बताया की रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी संस्था की परिकल्पना 'खेलेगा राजनांदगाँव-खिलेगा राजनांदगांव' तथा 'खेलेगा छत्तीसगढ़-जीतेगा भारत' की भावना को साकार करना है। इस प्रतियोगिता के आयोजन की सोच इस खेल के दीर्घकालिक विकास और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का उत्कृष्ट प्रमाण है। जिले की चौदह टीमों ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। सब जूनियर एवं जूनियर ऐज कैटेगरी के बच्चों ने लीग कम नॉक आउट पद्वती से खेल खेला।



**रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी राजनांदगाँव हॉकी लीग का खिताब चिखली ड्रैगन्स एवं रमन बाजार वारियर्स ने अपने नाम किया**

### सभी बच्चों को मिला खेलने का मौका

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया की चीखली स्कूल के मैदान मे प्रशिक्षणरत सभी खिलाड़ियों को खेल खेलने का मौका मिला। हॉकी खेलने वाले खिलाड़ी हॉकी खेले और ऐसे खिलाड़ी जिनको मैदान आते ज्यादा समय नहीं हुआ है उनके लीये विशेष रिक्रिएशन कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कोई भी खिलाड़ी खेलने से वंचित नहीं रहा। रिक्रिएशन कप पर टीमों नैन्सी सिन्हा ने अपना कब्ज़ा जमाया।

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी राजनांदगाँव हॉकी लीग के सब जूनियर केटेगरी का फाइनल मैच फाइनल मैच अपरान्ह चार बजे शिवनगर बुल्स विरुद्ध रमन बजार वारियर्स के मध्य खेला गया।

इस फाइनल मैच मे रमन बजार वारियर्स की टीमों ने शिवनगर बुल्स को 3-2 से मात दी। शिवनगर बुल्स की ओर से उदित मनी साहू ने दो गोल किये तथा रमन बजार वारियर्स के लीये ने सौरभ, सिद्धार्थ एवं प्रताप ने एक एक गोल किया। जूनियर कैटेगरी के फाइनल मुकाबला मे चीखली ड्रैगन्स ने शांतिनगर शूरमा की टीमों को 3-1 से मात दी। शांति नगर की ओर से हेमंत ने एक गोल किया तथा चीखली ड्रैगन्स की ओर से दो गोल अजय यादव एवं एक गोल अमन यादव ने किया। कार्यक्रम मे उपस्थित सम्मानित अतिथियों के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को तथा रिक्रिएशन कप के विनर को ट्रॉफी, पुरुष्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

प्रतियोगिता में सब जूनियर केटेगरी के बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट पुष्पीता साहू, बेस्ट डिफेंडर प्रताप, बेस्ट मिडफील्डर घानिष्ठा, बेस्ट स्ट्राइकर श्रेया लारिया, बेस्ट गोलकीपर द्विशा निषाद को दिया गया। जूनियर कैटेगरी मे बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट नौरीन हयात अंसारी, पुष्पीता साहू, बेस्ट डिफेंडर योगेश मेश्राम, बेस्ट स्ट्राइकर देवेंद्र मानिकपुरी, बेस्ट मिडफील्डर यजत कौशिक, बेस्ट स्कोरर विवेक ने जीता।

### पटरी पार के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानीय अतिथियों ने पटरी पार क्षेत्र के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों का हॉकी खेल के लीये उनके योगदान के लीये सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों मे मैकू लाल यादव, काका जी, भागवत यादव, सुशील ताम्रकार, छोटेलाल मेश्राम, प्रदीप देवांगन, संजय जयसवाल, अखिलेश यादव, राम प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र, संजय यादव, संतोष साहू, सीताराम देशमुख, मनोहर यादव, शत्रुघ्न पटेल, संतोष सिन्हा, हरेंद्र यादव, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, गोपाल यादव, अशोक देवांगन, संजू यादव, मोहन शास्त्री, श्रीमती अंजू सिंह राजपूत, गोपाल सिन्हा,दिग्विजय श्रीवास्तव, रवि कुंजाम एवं केजऊ वर्मा शामिल है।

समापन समारोह में प्रमुख रूप से राजनांदगाँव के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में छत्तीसगढ़ हॉकी के जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा, प्रकाश शर्मा, नीलम चंद जैन, भूषण साव, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत यादव, अशोक नागवंशी, भूषण साव, अनुराज श्रीवास्तव, पीयूष वर्मा, जावेद खान,दीपक यादव,योगेश द्विवेदी, तुलसी सिन्हा, पीताम्बर साहू, नरेश साहू ,विकाश वैष्णव, हारुन खान, दीपेश चौबे एवं आशीष सिन्हा की उपस्थिती रही।

## अनमोल दावा

> संसार में वहीं मनुष्य प्रशंसा के योग्य है, वहीं उत्तम है, वहीं सत्पुरुष और वही धनी है, जिसके यहां से याचक या शरणागत निराश न लौटे।

# नहीं रही जुबान की कोई कीमत, झूठ बोलना क्यों हो गया है आम?

पुराने समय में लोगों की जुबान का बहुत महत्व था वादे निभाए जाते थे। लोग जुबानी बातों को याद रखते थे और पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान हस्तांतरित होता था। आजकल लोग वादे करके भूल जाते हैं पैसे उधार लेकर लौटाना भूल जाते हैं। उधार देने वाला अपना पैसा मांगने में संकोच करता है। ऐसा लगता है कि पढ़-लिखकर लोग और भी दगाबाज हो गए हैं।

पहले के जमाने में लोगों की जुबान की बहुत कीमत होती थी। तब अकेले में कही गई बात का भी वजन होता था। उन दिनों लोग कागज पर अपनी बात लिखकर नहीं देते थे। जो कह देते थे, वही पक्का वादा और वचन बन जाता था। शायद इसीलिए कहते थे कि प्राण जाए, पर वचन न जाए।

तब सब कुछ जुबानी याद करने के दिन थे। वेद, उपनिषद, लोकोक्ति, मुहावरे और पहाड़े भी लोग मुंहजुबानी याद करते थे। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इनका ऐसे ही हस्तांतरण होता रहता था। वैसे उस समय कागज का आविष्कार भी नहीं हुआ था, इसलिए भी लोगों को सब कुछ याद करके संजोना पड़ता था। बोलना या दोहराना जुबान से किया जाता था, लिहाजा चीजें लंबे समय तक याद रहती थीं।

वह जुबान का समय था। उस समय ताले भी नहीं होते थे और लोग जुबानफरोश भी नहीं हुआ करते थे। जरूरत ही नहीं पड़ती थी। लोग वचन के पक्के जो थे। जो कह दिया, सो कह दिया। जो बोल दिया, वह पत्थर की लकीर हो जाती थी। जुबान से फिरा हुआ आदमी नीची निगाह से देखा जाता था। लोग उस पर भरोसा नहीं करते थे। बेईमान और दगाबाज मानते थे।

अब तो कोई बात याद रखना गुजरे जमाने की बात हो गई है। आज स्थिति यह है कि सुबह कुछ कहा और शाम को पूछो तो जवाब मिलता है- भला, मैंने ऐसा कब कहा था। यानी अब लोग एक दिन में ही मुकरने लगे हैं। कुछ तो ऐसे होते हैं, जो अगर आप से हजार-दो हजार रुपये मांग कर ले जाते हैं और एक हफ्ते में लौटाने का वादा करते हैं तो दो-चार माह तक यह भी नहीं कहते कि आपके पैसे लौटाने हैं। फिर आप जब संकोच से अपना पैसा मांगते हैं तो कहते हैं- कहीं भागा थोड़े जा रहा हूं। यदि किसी ने दस-बीस हजार रुपये यह वादा करके ले रखे हैं कि अगले महीने की फलां तारीख को दे देंगे तो कई महीने गुजर जाने पर जब आप वह तारीख दिलाने की कोशिश करते हैं तो वह आपका फोन उठाना बंद कर देता है। कुछ तो ब्लाक ही कर देते हैं।

पहले लोग दूसरों से पैसा या और कुछ चीज लेते थे तो याद रखते थे कि अमुक आदमी से अमुक चीज ली है और उसे अमुक दिन लौटाना है। जिस दिन लिया, उस दिन से लौटाने के दिन गिनने लगते थे और अगर समय पर नहीं लौटा पाते थे तो माफी मांगते थे। आज तो जुबान की कोई कीमत ही नहीं रही। अब पैसे उधार देने वाले को संकोच होता है कि अपना पैसा वापस कब और कैसे मांगे और लौटाने वाला ऐसे बर्ताव करता है, जैसे उसे कुछ याद ही न हो। यदि कभी कोई याद दिलाता है तो यह नसीहत सुनने को मिलती है कि पैसा तो हाथ का मैल है या फिर दोस्ती के बीच पैसे को कभी मत लाओ। नतीजा न दोस्ती बचती है और न पैसे।

मुझे लगता है कि जैसे-जैसे आदमी पढ़ता-लिखता गया, वैसे-वैसे दगाबाज होता गया! क्या फायदा लोगों के इतना पढ़ा-लिखा होने का, जब उनकी जुबान की कोई कीमत ही न रह गई। जो पढ़-लिखकर छल-प्रपंच करना सीख जाए, वह भला समाज की क्या भलाई करेगा। नेता वोट लेते हैं और फिर जनता से किए वादे भूल जाते हैं। आज जुबान की कीमत इस कदर खत्म है कि लोग लेन-देन को लिखकर रखने लगे हैं। लेनदार का अंगूठा लगाया जाता है या हस्ताक्षर लिया जाता है, ताकि वह जुबान से फिर न जाए।

जब ऐसा कोई लेनदार मुकर जाता है तो उसे याद दिलाने के लिए वह कागज दिखाया जाता है। कई ऐसे निकलते हैं कि अपने हस्ताक्षर से ही मुकर जाते हैं। लगता है इसी आदत से लोग झूठ बोलने लगे और जब इससे भी काम नहीं चला तो चोरी करने लगे। कुछ लोग इसे स्कैम करना या डिफाल्टर हो जाना भी कहते हैं।

आज पुण्यतिथि पर विशेष

# खुमान साव -''अर्थात लोक कला के जीवन्त प्रशिक्षण संस्थान''

**रोशन साहू**




संस्कार धानी राजनांदगांव से 35 किलोमीटर दूर ग्राम खुर्सीटिकुल की माटी ने 96 वर्ष पूर्व 5 सितम्बर 1929 को एक ऐसे होनहार हीरे को सौंपा। जिसने छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत की दुनिया को ऐसी ऊंचाई दी कि उनका हर सर्जन लोकगीत का मानदण्ड बन गया। उनका कृतित्व व व्यक्तित्व का समन्वित स्वरूप के आलोक से छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा सम्पूर्ण भारत वर्ष के साथ ही विश्व के कई देशों में प्रकाशमान हो रहा।

खुमान साव इसलिए भी याद किए जाएंगे कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के अनगढ़ कलाकारों की प्रतिभा को तराश निखार कर सदैव अपने मंच में स्थान दिया। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर लोक कलाकार जैसे-पंचराम देवदास, महेश ठाकुर, मदन शर्मा, रमेश ठाकुर, संतोष टांक, गोविन्द साव, राकेश साहू, भैया लाल हेडाऊ, दुष्यंत हरमुख, भूषण नेताम, केदार यादव, प्रकाश देवांगन, कविता वासनिक, लक्ष्मण मस्तुरिहा, महादेव हिरवानी, लता खापर्डे, माया खापर्डे, मोती राम साहू, भागवत सिन्हा, विष्णु साहू,गोपी पटेल, ओमप्रकाश साहू, उग्रसेन देवदास, कमल पाटिल, सुभाष रामटेके, ढालसिंह साहू, दिलीप साहू आदि कलाकार चंदैनी गोंदा के व्यापक आलोक में दैदीप्यमान हुए। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर लोक कलाकार चंदैनी गोंदा के मंच से सज संवर कर और निखर कर आज भी अन्य मंचों में प्रस्तुति देकर लोगों की वाहवाही और तालियाँ बटोर असीम आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

लोक गीत की बारीकियां, नजाकत, गीत का मूड, आरोह- अवरोह ही नही अपितु उसके अनुरूप भाव नृत्य, वेशभूषा व परिकल्पना की समझ कोई इनसे सीखे। बहुत कम लोगों को मालूम है कि साव जी कई गीतों के गीतकार भी रहे हैं। जिनके लिखे गीत बेहद प्रभावोत्पादक हैं। खुमान साव जी की रुचि बाल्य काल से ही संगीत के प्रति रही। पूत के पांव पालने में ही नजर आ जाते हैं। उन्होंने महज 8 - 9 वर्ष की उम्र में हारमोनियम वादन प्रारंभ किया तथा 11 वर्ष की आयु में तो नाचा दल में संगत कर चुके थे। युवावस्था में वे अपनी सायकिल बेचकर मायानगरी मुंबई भी गए जहां एक फीचर फिल्म के लिए उन्हें अभिनेता के तौर पर चुन लिया गया था। पर उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया बाद में उक्त मूवी में विश्वजीत ने नायक की भूमिका निभाई थी। साव जी अपने आप को मूलतः संगीतकार ही मानते थे, हृदय में तो सात सुर हिलोरें मार रही थी मन मस्तिष्क में संगीत रचा बसा हुआ था, हाथों की अंगुलियों को हारमोनियम का रीड भा गई थीं सो उन्हें इसके अलावा कहीं और चैन कहां? वे वापस लौट आए अपने गांव और लग गए संगीत साधना में। रात को जब कभी निद्रा टूटती हारमोनियम बजाने बैठ जाते चूंकि उनका घर पान चौक में हवेली नुमा बड़ा सा था तो अन्य लोगों की नींद में खलल न पड़ता।

खेत खलिहानों में काम कर रहे लोगों को जब भी फिल्मी गीत गाते गुनगुनाते देखते सुनते तो मन मे दृढ संकल्प समाता कि मुझे ऐसे माधुर्यमयी संगीत सर्जना करनी है कि जन-जन के कंठों में माटी के गीत गान हो। वे लोक गीतों को फिल्म संगीत के समकक्ष ही नही उससे भी उच्च स्तर तक ले जाना चाहते थे। अतः छत्तीसगढ़ की माटी को ''महमहाने'' के लिए पूरी शिद्दत से लग गए। रामचंद्र देशमुख निर्देशित चंदैनी गोंदा में वे बतौर संगीत निर्देशक के रूप में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। तदनन्तर जब उक्त लोक मंच का बागडोर उनके हाथों आया तो आकाश में चंदैनी छिटकती गई चंदैनी गोंदा बगरने लगा। धरती के अंगना में चंदैनी गोंदा पुष्पित हुआ तो ''तोर धरती तोर माटी'' की महिमा का गान लोक कंठ का निनाद बन गया। ''हम तोरे संगवारी कबीरा हो'' संगी के मया जुलुम होगे रे, कइसे दिखत हे आज उदास रे पतरेंगी मोर मैना, कबीरा तोर दुनिया बोहागे धारे- धार जैसे कईयों कर्ण प्रिय संगीत मन रंजन से उपर उठ मन अंजन करने लगा। आकाशवाणी व कैसेट्स के माध्यम से लोक गीत व लोक भजन गांव गली चौपालों शहर नगर सर्वत्र सुनाई पड़ता। खेत खार में खुमान संगीत की फुरूर फुरुर पुरवाही बहने लगीं। लगने लगा जैसे खेत के मेढ़ में चोंगी पीते सुस्ताते कर्मवीरों को उनका संगी संगवारी मिल गया हो तो निराई गुड़ाई करती माताएं बहिनें लोक संगीत की छाँह तले थकने का नाम न लेती हों। जिस समय साव जी संगीत साधना में रत थे उस समयकाल में पेशे से शिक्षक रहे व्यक्ति की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं कही जा सकती थी कि वे पूरे परिवार का भरण -पोषण कर पाते जबकि उनके परिवार का एक हिस्सा लोक कलाकार लोग भी रहे हों आए दिन रिहर्सल, लोक मंच लोक संगीत लोक साहित्य से जुड़े लोगों का नित आवागमन आवभगत चाय पानी भोजन व यथासंभव आने-जाने का बस ट्रेन किराया देना जरा मुश्किल ही था पर साव जी भरसक प्रयास करते कि किसी को कोई कष्ट न हो। इस कारण परिवार को भी कई-कई बार अनिवार्य आवश्यकताओं के लिए भी कष्ट सहना पड़ा। म्युनिसिपल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होता तो लोक संस्कृति लोक मंचीय आवश्यकता अनुरूप आभूषण और वस्त्र आदि के लिए किराया से व्यवस्था करना पड़ता यद्यपि इसके लिए शाला फंड से ही रूपए की व्यवस्था की जाती थी पर खुमान साव कुछ दूर की सोच कर उसमें स्वयं की राशि मिलाकर उन सामानों को पूरा दाम देकर खरीद लेते इससे आर्थिक भार आन पड़ता पर कुछ लोग परफेक्टनिश होते हैं, अपने कलाकारों को कोई तकलीफ ना हो और एक साथ सम्यक रूप से सभी नृत्य कलाकार पहन सके और लोगों में लोक संस्कृति की झांकी दिखाई जा सके आम लोगों में लोकगीत के प्रति रुझान पैदा हो। वे ऐसे खर्च से पीछे नही हटे। इस कारण परिवार को भी कई कई बार आर्थिक परेशानियां तंगहाली का सामना करना पड़ता था। हास परिहास के दरम्यान वे एक वाकिया का जिक्र करते कि अपने गृह ग्राम खुर्सीटिकुल में एक रेडियो खरीद करके लाए थे।सत्य है कि संगीत ईश्वर का वरदान है संगीत को एक व्यक्ति नहीं पचा सकता,बिन बांटे चैन नही मिल पाता वैसे ही जैसे देव की कृपा को पचाया नहीं जा सकता वैसे ही संगीत भी एक ऐसी विधा है जिसको अकेले हजम करना संभव नहीं, तो पास पड़ोस के लोगों को रेडियो सुनाया करते थे। एक दिन उनके बड़े भाई ने कहा कि गांव में मुनादी (हांका) डलवा दो और लोगों को पान चौक बुला लो रेडियो सुनने के लिए। चौक में रेडियो सुनने के लिए रेडियो सेट लाया गया लोग भी एकत्रित हो गए लेकिन उसे दिन रेडियो चालू ही नहीं हुआ उस रेडियो को लेकर के शहर में सुधरवाने के लिए बैल-गाड़ी में बैठ कर लाया गया। रेडियो दुकान वाले को दिखलाया तो पता चला कि उसकी बैटरी थोड़ी तिरछी हो गई थी।



और तब भी संयमित मुस्कराहट से बताते कि मात्र इस कारण रेडियो चालू नहीं हो पाया। इसके उपरांत गांव वालों को रेडियो सुनाया गया।

ऐसी प्रवृत्ति के विरले ही लोग होते हैं आज तो लोग अपने जीवन में किसी का दखल पसंद नहीं। सर्वत्र एकाकी जीवन दीख पड़ता है। पर जिनके हृदय में ही सात सुरों की धड़कन हो चाल में ताल हो वो बांटने में विश्वास करता है।

खुमान साव ऐसे व्यक्ति थे जो लोक संगीत को ऊंचाई देने के लिए हमेशा आगे रहे स्वर लहरियाँ उस समय और ज्यादा प्रभावशाली हो जाता है जब संगीत के साथ साहित्य भी घुल मिल जाए। इस मायने मे खुमान साव बहुत ऊंचे सिद्ध होते हैं क्योंकि अंचल के बड़े-बड़े साहित्यकार गीतकारों के गीत चंदैनी गोंदा में समाहित होते गए और उन गीतों ने मनोरंजन ही नहीं किया अपितु मनोअंजन किया। पवन दीवान, हरि ठाकुर, मुकुंद कौशल, लक्ष्मण मस्तुरिहा, रवि शंकर शुक्ला, बद्रीविशाल परमानंद, रामेश्वर वैष्णव, फूलचंद श्रीवास्तव, डॉ.विनय पाठक, द्वारिका प्रसाद तिवारी ''विप्र'', मदन शर्मा , हर्ष कुमार बिंदु, नारायण लाल परमार, भगवती लाल सेन, हेमनाथ यदु, चतुर्भुज देवांगन, राम कैलाश तिवारी, राजेंद्र ठाकुर, धरम लाल कश्यप, कोदूराम दलित, प्यारेलाल गुप्त, केदार दुबे जैसे सिद्धहस्त गीतकारों के गीतों ने जहां जन-जन के हृदय में पैठ बनाई तो वहीं खुमान संगीत की कल-कल छल-छल प्रवाहमान संगीत सरिता ने खेत के मेढ़ों से लेकर मेहनतकश श्रमवीरों के मन मे उत्साह का संचार किया व्यग्र मन को शांति सुकून दी तो वहीं युवा मन को फिल्मी गीतों की फूहड़ता व लोक गीत के स्वाभाविक सौंदर्य के बीच तुलनात्मक अंतर को समझ कर माटी के जुड़ाव की ओर उन्मुख किया। चल शहर जातेन रे भाई गांव ल छोड़ के शहर जातेन की चकाचौंध प्रवृत्ति के विपरीत ''मोर गंवई गंगा ये'' का गान मात्र मनोरंजन नही था अपितु यह प्रकृति की ओर लौट चलने का पुनीत आग्रह था। होगे रे बिहान जागो जागे रे किसान चलो खेत जाबो रे, सावन मा लोर लोर भादो मा घटा घोर, चल चल ग किसान बोये ले चल धान असाड़ आगे ना, मोर खेती खार रुनझुन मन भंवरा नाचे झूम झूम श्रम का संदेश देती। छत्तीसगढ़ी अस्मिता किसानों की दुर्दशा को ''मंय छत्तीसगढ़िया अंव रे'' का स्वर आज भी उद्धेलित करता है जिसका भाव आज भी प्रासंगिक है। चंदैनी गोंदा के नायक-नायिका शहर के चकाचौंध विलासिता पूर्ण जीवन जीने के आदी नही हैं वे खेतों खलिहानों, अमराइयों, देश की रक्षा के लिए घर परिवार छोड़ गए वर्ग से आते हैं जिन्हें मालूम है मंगनी मा मया नई मिले। उनके मन मे घानी मुंदी घोर दे पानी दमोर दे हमर भारत देस ला दही दूध मा बोर दे की सर्व कल्याण की भावना समाई है। कांटा खूंटी के बोवईया बने बने मा रेंगईया माटी की समरसता उड़ेल देना चाह रहे तो सरहद में तैनात सैनिक को अपनी प्रेमिका याद आती है तो बरबस गुनगुना उठता है' जुलुम होगे राम मोहनी नैना के मारे की परिकल्पना देखते ही बनती। लहर मारे लहर बुंदिया, कइसे के मारे नैना बान, धनी बिन जग लागे सुन्ना रे नई भाये मोला, खनर खनर पैरी बाजे छनर-छनर चूरी नाचत कुलकत मटकत रेंगय बेलबेलही टूरी, धन-धन रे मोर किसान के माध्यम से किसानों की अनवरत श्रम का मान करने के लिए बुद्धिजीवियों व श्रमजीवियों के बीच की खाई को पाटने का संदेश देती, पता ले जा देजा गाड़ीवाला, आधा रात पहागे मोला घर मा दिही गारी ओ रामा अब मोला जान दे संगवारी, तोर कारन बइहा बनेंव तोर कारन छोड़ के पतरेंगी मोला जाबे कहां बइहा बनेंव तोर कारन, मन डोलय रे माघ फगुनवा, जैसे असंख्य गीतों में उनकी परिकल्पना दर्शनीय रही है। नायक दुखित और नायिका मरही के घर में सुमन का जन्म तो जैसे नयी पीढ़ी में नव आस संचरण होने का असीम निहितार्थ है।ऐसे अनेकानेक गीतों की मंचीय प्रस्तुति आज भी लोगों के जेहन में रचा बसा है कि अरसे बीतते जा रहे पर याद नही जाती। उनके द्वारा सरगम से सजी कालजयी श्रवणीय संगीत से आज भी छत्तीसगढ़ का आकाश गुंजायमान हो रहा है।

गुणी जन व कला समीक्षक लोग भी गाहे बगाहे यही कहते कि अगर जिन्हें छत्तीसगढ़ को जानना समझना हो इसकी सांस्कृतिक विरासत को समझना हो तो उन्हें चंदैनी गोंदा देख लेना चाहिए जहां विभिन्न पर्वों की बारहमासी गीत,कर्मा ,ददरिया, सुआ,बांस गीत, बिहाव गीत, फुगड़ी, पंथी, देवार गीत, सोहर, फाग और न जाने क्या क्या. उनकी एक झांकी बस पर्याप्त है।

खुमान साव ने संगीत के साथ लोक साहित्य की महत्ता को भलीभांति समझते थे साहित्यधर्मियों से विचार विमर्श करते व मान देते। उनकी अभिरुचि साहित्य में भी गहरी तौर पर रही है। उन्होंने नवोदित साकेत साहित्य परिषद सुरगी को भी अपना स्नेहाशीष दिया। उन्हें जहां पर भी लोकगीत मिल जाता गीतों को सहेजने, परिष्कृत करने उन गीतों को परिमार्जित करने में सदैव कर्मवीर बन कर सदैव आगे रहे। तभी तो अंचल के छोटी-छोटी नाच मंडलियों लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों को वे दर्शक दीर्घा में बैठकर पूरी तल्लीनता के साथ देखा करते थे। यहां तक गांव-गांव घूमने वाले याचक जन या फिर घुमंतू प्रजाति के लोगों की प्रस्तुति को वह पूरे शिद्दत के साथ देखा करते थे। और उन्हें परिष्कृत व परिमार्जित कर अपने मंचों में सदैव स्थान दिया करते थे। साव जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी प्रस्तुति आज भी एक पैमाना है लोग उस पैमाने पर अन्य गीतों की परख करते हैं। वे सदैव लोकगीत के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए अन्य इलेक्ट्रॉनिक वाद्य यंत्रों का सहारा नहीं लिया यदि लिया भी तो उन्हें उसे उस स्तर पर ही रखा कि मौलिकता बनी रह सके।

आज छत्तीसगढ़ की लोकगीत लोक संगीत यदि पैमाना है तो खुमान साव की संगीत की तपस्या का फल है। तभी तो कई-कई संगीतकार इस बात को कहते भी हैं कि छत्तीसगढ़ की लोकगीत लोक संगीत को खुमान संगीत क्यों ना कहा जाए? क्योंकि उन्होंने लोकगीत को जन-जन के हृदय में उतारने में हमेशा आगे रहे । 9 जून 2019 को साव जी सूक्ष्म जगत वासी हुए। आज खुमान साव हमारे बीच नहीं है लेकिन उनका सर्जन उनकी कृति उन्हें अमर बना दी है। तभी तो पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर आडोटोरियम में साव जी के आदमकद प्रतिमा को हर आगुन्तक श्रद्धा से शीश नवाते समय उनकी सांगीतिक अमरता को आत्मा की गहराइयों से महसूस कर पाते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर नवोदित कलाकार हों या स्थापित कलाकार सभी लोग सांगतिक श्रद्धा के फूल अर्पित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के संगीत जगत से जुड़े कलाकार, गुनी जन व प्रदेश के जन-जन की ओर से सादर नमन...आप पुनः जन्म लेकर फिर से इस धरा को ''ममहाये''।

'मोखला' राजनांदगांव

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : अप्रत्याशित व्यवहार या प्रत्युत्तर के लिए सदैव रहें तैयार

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लोक व्यवहार में अनेक लोगों से हमारी भेंट होती है। बातचीत होती है। कार्य व्यापार होता है। जब बातचीत होती है तो हम अपना पक्ष और दृष्टिकोण रखते है। इसी तरह राह चलते भी ऐसी स्थिति बनती है, जब लोगों से हमारा संपर्क होता है।

यह आवश्यक नहीं है कि सभी लोगों से कार्य व्यवहार हमारे अनुकूल हो। आप जैसी कल्पना नहीं किए होंगे, कभी वैसी स्थिति भी बन सकती है। संभव है कि आप जितनी शिष्टता और विनम्रता के साथ व्यवहार करें, सामने वाला वैसा न करे, बल्कि अशिष्टता और उजड्डता का व्यवहार करे। कुछ लोग स्वभाव से ही रूखे और हर बात में तीखी व्यंग्यात्मक भाषा बोलने वाले होते हैं। ऐसे व्यक्ति से व्यवहार के समय कठिनाई आती है। इसका पहला कारण यह होता है कि एक विनम्र व्यक्ति सामान्य व्यवहार में उसी रूखेपन का प्रदर्शन नहीं कर पाता है। वह अच्छा व्यवहार करता है, अतः सामने वाले से भी वह ऐसी ही अपेक्षा रखता है। ऐसा अप्रत्याशित व्यवहार देखकर उसे निराशा होती है।

दूसरे, ऐसे व्यक्ति आपको अकारण तर्क देकर उलझाने की कोशिश करते हैं। आपके नहीं चाहने पर भी ऐसे लोग आपके मार्ग में आकर आपसे टकरा सकते हैं, क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का यह स्वभाव ही होता है।

कभी-कभी लोग अपना क्रोध किसी तीसरे व्यक्ति पर उतार देने वाले होते हैं। ऐसे व्यक्ति की बात का कोई सिर-पैर नहीं होता। अपनी हताशा या किसी असफलता की खीझ ऐसे लोग दूसरों पर निकालते हैं।

इस तरह की परिस्थितियों का समाधान यही है कि आप अपना सहज व्यवहार करते रहें। सामने वाले व्यक्ति की ऐसी अनर्गल बातों की उपेक्षा करें। ऐसे लोग अपनी असफलता, हताशा, कुंठा और निराशा का कचरा दूसरों पर उड़ेलकर अपना अहं संतुष्ट करना चाहते हैं। अगर ऐसी बातों को आप ग्रहण नहीं करेंगे, प्रत्युत्तर नहीं देंगे तो यह क्रिकेट के खेल के बाहर जाने वाली गेंदों को छोड़ देने की तरह होगा। इससे आपका कोई नुकसान नहीं होगा और मानसिक शांति बनी रहेगी। तथापि, यह याद रखें कि टेढ़ी बातों की उपेक्षा करने की भी एक सीमा होती है। जब ऐसी बातें आत्मसम्मान की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन करे, तो प्रतिकार आवश्यक हो जाता है।

## सामयिक चर्चा

# एक चुप, हजार सुख

खबर पढ़कर,
अपने आप झुंझला कर
बानी बोले - ''गजाधर!
कांग्रेस नेता राहुल गांधी
कुछ न कुछ बोलते रहते हैं।
वे चुप क्यों नहीं रहते है?
अब देखो न,
उन्होंने नवम्बर 24 में हुए
महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर
भारतीय जनता पार्टी पर
सीधा आरोप लगाया है।
भाजपा की जीत के लिए
मैच फिक्सिंग की गई थी,
ऐसा रहस्य बताया है।
उन्होंने ये भी कहा कि
महाराष्ट्र की तरह ही,
मैच फिक्सिंग अगली बार
बिहार में होगी।
फिर किसी भी राज्य में
जहां भाजपा की हार दिख रही है।
वहां भी होगी।
गजाधर ! इस पर
आपकी अब क्या प्रतिक्रिया होगी ।
गजाधर मुस्कराए, बोले - ''बानी !
राहुल गांधी का एक चुप
पार्टी के लिए हजार सुख के
बराबर की बात होगी ।''



गिरीश बख्शी




## राशिफल

**मेष** — आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन लाभ होगा जिससे परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकते हैं। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्य स्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नज़दीकियां बढ़ाएगा। आज अपने मनोबल को मजबूत बनाने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी।

**कर्क** — लेखकों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज इन्हें अपने लेखन शैली से जीवन में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने परिवार के किसी सदस्य से नये वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है। आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है, साथ ही जो भी काम करना चाहेंगे वो पूरे हो जाएंगे। आज आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह** — दिन आज व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। इसके साथ ही आप घर वापस आकर अगले दिन के लिए टारगेट सेट करेंगे साथ ही आप अगर घर में कोई परिवर्तन संबंधी निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है। बिजनेस करने वालों के लिए भी आज का दिन शुभ है।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएं, ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने-फिरने का भी प्रोग्राम बनेगा।

**तुला** — आज आपका दिन रोज से अच्छा रहेगा। आप अपने कामकाजी जीवन से थोड़ा ब्रेक लेकर जीवनसाथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके अपने रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल रखने के लिए कम्युनिकेशन गैप न होनें दें। सबसे बातचीत अवश्य करें। व्यापारिक जीवन में मनचाहा परिणाम मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से कोई मनपसंद सामान खरीदेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज दोस्तों और संबंधियों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा। आज कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर बिताएंगे। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी।

**मकर** — आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। इससे परिवार में सामंजस्य बना रहेगा। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाला है। करियर में बदलाव आयेगा। पुराने समय को भूलकर आगे बढ़ेंगे तो सफल हो जाएंगे। आपकी सोच में बदलाव आयेगा, यह बदलाव आपके लिए शुभ फल देने वाला होगा। इस राशि की महिलाओं के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक तथा व्यावसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं।

**मीन** — आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखना होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर न करें। आपकी मेहनत से आय में इजाफा होगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है।

# मिशन संडे पहुंचा जमीनी हकीकत पर, सड़क अधूरी, सफाई गायब, पार्षद की चुप्पी पर जनता का वार, चुनाव के बाद लापता

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर रविवार की सुबह जब अधिकांश लोग छुट्टी के दिन सुकून में होते हैं, तब मिशन संडे की टीम ने धरमपुरा वार्ड क्रमांक 11 की गलियों की ओर रुख किया। यह सिर्फ एक दौरा नहीं था, बल्कि उन आवाज़ों को सुनने की कोशिश थी, जो बरसों से अनसुनी रही हैं। कच्ची पगडंडियों और अधूरी सड़कों से गुजरते हुए टीम ने निचले और पिछड़े तबके के लोगों की व्यथा को नज़दीक से महसूस किया। वार्ड की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने जैसे ही अपनी पीड़ा साझा की वातावरण में दबी हुई नाराजगी और उपेक्षा की टीस महसूस होने लगी। महिलाओं की आंखों में आक्रोश कम पर वेदना अधिक थी। एक महिला ने कहा कचरा महीनों से पड़ा रहता है, कोई नहीं उठाने आता। न शौचालय है, न साफ़ सफाई। क्या हम इंसान नहीं हैं?





नगरपालिका द्वारा बनाए गए अधूरे डामरीकरण पर भी लोगों का रोष स्पष्ट था। 29 लाख की लागत से बनी अधूरी सड़क की वजह से लोग अब भी कीचड़ और झाड़ीयों से जूझ रहे हैं। झाड़ीयों ने रास्ता बंद कर दिया है और नाली के ऊपर यदि एक सीमेंट का पाइप ही रख दिया जाए, तो कम से कम एक सीधा रास्ता तो मिल जाए ङ्क लेकिन शायद सुनने वाला कोई नहीं। सबसे करारा कटाक्ष उन पार्षदों पर था, जिन्हें लोगों ने उम्मीद से चुना था। एक महिला ने भावुक होकर कहा, ''हमने जिन्हें जिताया, वही अब हमारी गलियों में नहीं आते। उनकी परछाईं तक नहीं दिखती, सिवाय चुनाव के समय के।'' इस पीड़ा को जब मिशन संडे के संयोजक और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने सुना, तो उन्होंने तत्काल नगर पालिका के सीएमओ नरेश वर्मा से फोन पर बात कर स्थिति से अवगत कराया। लोगों की बात सिर्फ सुनी नहीं गई, बल्कि उस पर प्रतिक्रिया भी दी गई।

यह संवेदना रंग लाई पालिका के अधिकारी और कर्मचारी खुद मौके पर पहुंचे। गंदगी हटाने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई, झाड़ीयों की सफाई शुरू हुई। और अधूरी सड़क को जल्द पूरा करने का भरोसा भी दिलाया गया। महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा शीघ्र दिलाने का आश्वासन दिया गया। नेताप्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने कहा की हम लगातार शहर के विभिन्न वार्डो मे जाकर नगर पालिका द्वारा बुनियादी सुविधाओं दिए जाने के संबंध में निरीक्षण करेंगे और नगर पालिका प्रशासन को आईना दिखाने का काम करेंगे। इस जन-सुनवाई में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, पार्षद दिलीप लहरें, पूरन सारथी, भूपेंद्र वर्मा, भारत चंद्राकर, रविंद्र सिंह गहरवार, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सुदर्शन ढीमर, नरेश सिन्हा सहित मिशन संडे की पूरी टीम मौजूद रही। धरमपुरा की यह सुबह दिखाती है कि अगर कोई सुनने वाला हो, तो चुप्पी टूटती है, और जहां संवाद होता है, वहीं बदलाव की शुरुआत भी होती है।

## पहला कॉलम...

### पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा की भावना से जुड़ी 'विष्णु' की सुशासन तिहार - संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। विकासखंड में राज्य सरकार के मंशानुरूप 118 ग्रामपंचायतों को 10 कलस्टर में विभाजन कर सुशासन तिहार संपन्न कराया गया, सभी शिविरों में छुरिया जनपद पंचायत के युवा ऊर्जावान अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने आमजनों को मंच के माध्यम से सीधे सरकार की योजनाओं की जानकारी व एक एक आवेदन जो सुशासन तिहार में प्राप्त हुए थे उनकी समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत निराकरण करने हेतु पूर्ण प्रयास किए है, श्री सिन्हा ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने जो करके दिखाया है, वह प्रशासनिक प्रणाली में जनभागीदारी और जवाबदेही का सबसे सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। ''सुशासन तिहार 2025'' सिर्फ एक अभियान ही नहीं सरकार की सोच उनकी कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता का परिचायक बना है। इस महाअभियान ने यह सिद्ध किया कि यदि शीर्ष नेतृत्व ईमानदार और सक्रिय हो, तो प्रशासन गांव गांव जाकर जनता के जीवन में बदलाव ला सकता है। मुख्यमंत्री ने अपने ही कार्यकाल में ही ''सुशासन तिहार'' के माध्यम से सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को जन जन पहुंचाया है।



यह अभियान केवल एक कार्यक्रम ही नहीं अपितु राज्य के प्रशानिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावी कदम बनकर उभरा है। जब सरकार जनता के बीच जाकर खुद सवाल सुनती है,और उन्ही की भाषा में जवाब देती है, तो भरोसे की नींव बनती है। हमारी सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार एक ऐसी ही ऐतिहासिक पहल है, जो पारंपरिक मॉडल को तोड़कर एक जनमुखी, संवादपरक और समाधान आधारित शासन प्रणाली का प्रतीक बन गई। योजनाएं थीं, पर लाभ नही पहुंच रहा था, शिकायतें थीं, पर समाधान नहीं थी, सुशासन तिहार ने इन खाइयों को पाट दिया। जनता को लगा यह सरकार उनकी है, यह शासन उनके साथ खड़ा है। लोगों को सरकार के प्रति विश्वास बड़ी है।

### लखन अध्यक्ष, मूलचंद उपाध्यक्ष और तोरण यादव सर्किल पुरैना के सचिव निर्वाचित हुए

डोंगरगढ़ (दावा)। पिछले दिनों सर्किल कोसरिया यादव समाज पुरेना का पदाधिकारी चुनाव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ ग्राम कोटरी छापर में संपन्न हो गया। चुनाव पूर्णतः लोक तांत्रिक तरिका से मत दान के माध्यम से किया गया, जिसमें लखन यादव (बिल्हरी) को अध्यक्ष, मूलचंद यादव (केशली) उपाध्यक्ष एवं तोरण यादव (कोलिहापुरी)को सर्किल पुरेना के सचिव चुना गया है। जिला चुनाव आयोग के पीठा सीन अधिकारी श्री के.आर.यादव जिला संरक्षक,नोडल अधिकारी श्री सुरेश यादव जिला उपाध्यक्ष, अन्य चुनाव अधिकारियों में श्री दुर्गा प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी,श्री अनिल यादव,तीरथ यादव,रामखिलावन यादव,अशोक यादव,हेमचंद् यादव, घनश्याम यादव,फगुवा राम यादव,कृष्णा राम यादव जिला पदाधिकारी गणों के विशेष निगरानी में चुनाव संपन्न हुआ। यह एक ऐतिहासिक चुनाव कार्य क्रम रहा है।



सर्किल चुनाव के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गणों का सामाजिक संगोष्ठी,सामाजिक बच्चों का विविध सांस्कृतिक कार्य क्रम आमंत्रित जिला पधाधिकारी गणों का विशेष सम्मान भी किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव सहित अन्य सर्किल पदाधिकारी गणों को जिला अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव द्वारा शपथ ग्रहण भी कराया गया।समाज में एकजुटता,शिक्षा,नशा मुक्ति पर जोर,आदर्श विवाह को अपनाना,सामाजिक नियमावली का पालन करना जैसे मुद्दे पर मंच साझा किया गया। जिला पदाधिकारी गणों में श्री शीलू राम यादव,महेश यादव,राधे यादव,हरीश यादव,रेखचंद् यादव अलख राम यादव सहित अन्य सर्किलों से श्री रामखिलावन यादव,गोविंद यादव,विजय यादव,कार्तिक यादव आदि भी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिये हैं। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनंदगांव ने सर्किल कोसरिया यादव समाज पुरेना के समस्त पदाधिकारी गणों,समाज प्रमुखों,कार्य कर्ता गणों,निवास रत सामाजिक बंधुओं,माताओ बहनो को इस गरिमामयी कार्य क्रम के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभ कामना दिये हैं और आगे भी इसी प्रकार से सामाजिक सहभागिता की अपेक्षा किया गया है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गा प्रसाद यादव ने दी है।

## रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती समारोह संपन्न

डोंगरगढ़/ढारा (दावा)। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल डोगरगढ़ के ग्राम ढारा में पटेल भवन में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकरजी की 300 वीं जयंती समारोह के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन में मंच पर विराजमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कार्यक्रम के जिला सहसंयोजिका श्रीमती किरण साहू जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष हीरा वर्मा, ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, तेजलाल वर्मा पूर्व महामंत्री कचरू हिरवानी, लखन जंघेल, प्रेमलाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सरला महोबिया, ग्राम के सरपंच श्रीमती आरती जंघेल ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंनहा उपस्थित थे। उक्त आयोजन में सर्वप्रथम भारत माता की जयकारा लगाते हुए समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ता द्वारा भारत माता की तैल चित्र पर पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समस्त अतिथियों व समाज प्रमुखों का स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।



तत्पश्चात अतिथियों द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी हुई अन्य गाथाओं का उल्लेख करते हुए साहसिक निर्णय क्षमता का विस्तार पूर्वक सारगर्भित शब्दों से संबोधित किया गया साथ ही नव नियुक्त संगठन के पदाधिकारीयों को बधाई दी गई कार्यक्रम के जिला संयोजिका श्रीमती साहू जी एवं दोनों पूर्व मंडल अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा उद्बोधन स्वरूप अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु एवं कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य समाज उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार व्यक्त ग्राम के सरपंच ने की। सफल संचालन मंडल के महामंत्री रवि यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल के दूसरे महामंत्री धर्मचंद वर्मा, उपाध्यक्ष बलदेव सिन्हा, श्रीमती प्रतिमा खरे, श्रीमती नीरजा छैदैया, मंडल मंत्री मनोज कुमार वर्मा, मानिक सेन, श्रीमती उर्मिला कंवर, श्रीमती वृंदा वर्मा, कोषाध्यक्ष नामदेव साहू, सहकोषाध्यक्ष कमल नारायण कंवर, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया वर्मा, रेखराज वर्मा, राजकुमार सेन, मुरारी वर्मा, मुरली गेडाम, लखन देशलहरे, जितेंद्र गेंडे, हरदेव वर्मा, बोधन साहू, हरि निषाद, हितेश्वर वर्मा, अंजोरी ठाकुर, तेजराम छेदैया, झुलेनंद वर्मा सहित समाज के प्रमुख उपस्थित थे।

## छुरिया में पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होलकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल हुए शामिल



छुरिया (दावा)। भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा के निर्देश पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई बाई होलकर जी के 300 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, एम.डी. ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रदेश अनु. जनजाति मोर्चा, चंद्रिका प्रसाद डडसेना उपाध्यक्ष जिला भाजपा, संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, सुरेंदर सिंह भाटिया, अजय पटेल, जगजीत सिंह भाटिया, कांता प्रसाद साहू मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि युवावस्था में उनकी सरलता और बुद्धिमता ने मल्हार राव होलकर को प्रभावित किया, को पेशवा बाजीराव की सेना में एक कमांडर थे। उन्होंने अहिल्याबाई का विवाह अपने पुत्र खांडे राव से करवा दिया। 1754 में कुंभेर की लड़ाई में उनकी पति की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने अपने ससुर के कहने पर प्रशासनिक और सैन्य मामलों में रुचि दिखाई और प्रभावी तरीके से उन्हें अंजाम दिया। कार्यक्रम को एम.डी. ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर शेखर भरतद्वाज, राधेश्याम शर्मा, श्रीमती अनिता मंडावी, बीरम मंडावी जिला पंचायत सदस्य, भान बाई मंडावी, रेखा गंधर्व, चुनिया कंवर जनपद सदस्य,धन्ना यादव, मयाराम साहू, नैनसिंह पटेल, शिशुपाल साहू, मोनू गुप्ता, कुंदन बडोले, देवानंद सहारे, आनंद वेलेकर, सोहन साहू, टीकम साहू, भूखन धनकर सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुकुलदैहान के ढाबा गली मोहल्ले में हो रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत सुकुल दैहान के ग्रामीणजन आज बड़ी संख्या में पुलिस चौकी सुकुलदैहान पहुंचकर थाना प्रभारी को पत्र सौंपते हुए बताया कि अवैध रूप से संचालित ढाबा कसारी रोड में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के संबंध में पत्र सौपा गया।

ग्रामीणजनों ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत सुकुल दैहान के कसारी रोड पर स्थित ढाबा सड़क के आजू-बाजू में स्थापित जहां पर अवैध रूप से खुलेआम टेबल में बिठाकर चखना के साथ शराब की बिक्री की जा रही है जबकि हमारे ग्राम पंचायत सुकुल दैहान में लगभग विगत 10 माह से लगभग पुलिस चौकी निरंतर संचालित है एवं हमारे ग्राम में सम्मानित व्यक्ति के होते हुए भी यह बात अशोभनीय है ग्राम पंचायत सुकुल दैहान की गली मोहल्ले में चिल्हर कोचियों द्वारा जो शराब की बिक्री करते हैं उसे पर भी कार्यवाही का रोक लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने रखी। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी, उपसरपंच ईश्वरी साहू,कृष्णा कुमार, बसंती, पूर्णिमा साहू, लछ्वंतीन, विमला, धान बाई, चंद्रिका, शिवकुमार, जयकरण यादव सहित समस्त पंचगण एवं महिलाए व ग्रामीण जन संख्या में उपस्थित रहे।

## छुरिया में ईदुल अजहा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



छुरिया (दावा)। छुरिया मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईदुल अजहा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया, सबसे पहले समाज के लोगों ने सुबह ईदगाह जाकर नमाज अदा किए और नमाज के बाद छुरिया के पेश इमाम मों.सद्दाम हुसैन ने सभी के साथ पूरे भारत देश में अमन और शांति की दुआ मांगी, और उसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, दूसरे समाज के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।

फिर कब्रिस्तान में जाकर मरहूम मरहूमिन के हक में दुआ पेश की गई। इसमें प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज के सदर जान मोहम्मद, नायब सदर शकील कुरैशी, सेक्रेटरी आरिफ मेमन, अहमद खान, अलीम खान, तौकीर अहमद खान, हासम अली, सिद्दीक कुरैशी, अनवर खान, मेराज रजा, वसीम कुरैशी, दबीज अहमद खान, मो. गौस खान, अनवारूल हक, कमाल मोहम्मद, परवेज आलम, सलमान खान, अकील मेमन, यूसुफ खान, मुज़म्मिल खान और आसपास के आए हुए मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

### थाना प्रभारी छुरिया संतोष कुमार भुआर्य ने संभाली कमान

छुरिया ईदगाह में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी थाना प्रभारी संतोष कुमार भुआर्य के नेतृत्व में निभाई गई। उन्होंने टीम के साथ मुस्तैदी से ड्यूटी संभाली और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित किया। मुस्लिम समाज के सदर जान मोहम्मद ने मुस्लिम समाज के तरफ से पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में कल बीईओ कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे कांग्रेसजन

डोंगरगढ़ (दावा)। युक्तियुक्तकारण के विरोध में आज बीईओ कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करने सभी कांग्रेस जन को सूचित किया गया है।भेजे गए संदेश में कहा गया है कि, भाजपा सरकार के युक्ति युक्तकरण के विरोध में कांग्रेस पार्टी के द्वारा 10 जून 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे बीईओ कार्यालय डोंगरगढ़ का घेराव किया जाना है।भाजपा सरकार के द्वारा युक्ति युक्तिकरण के कारण पुरानी स्कूल बिल्डिंग के जर्जर होने, स्कूलों में काम करने वाले रसोईया, स्वीपर, चौकीदार सभी बेरोजगार हो गए हैं। साथ ही 10463 विद्यालयों के बंद होने के कारण क्वद्गस्त्र और ष्ठ.द्गस्त्र पास छात्र शिक्षक बनने से वंचित हो गए, 35000 शिक्षकों का पद समाप्त कर दिया गया है इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर हमारी स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में बीईओ ऑफिस का घेराव 10 जून मंगलवार सुबह 10 बजे किया जाना है। जिसके लिए कुणाल फ्यूल एचपी पेट्रोल पंप (सरकारी अस्पताल के सामने) डोंगरगढ़ में सभी को एकत्रित होने कहा गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज ने उक्त कार्यक्रम में सभी पूर्व मंत्रीगण, पूर्व सांसदगण, पूर्व विधायक गण, पूर्व एवं वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पूर्व एवं वर्तमान जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पूर्व एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्षगण एवं पाषर्द गण, प्रदेश पदाधिकारीगण, जिला पदाधिकारीगण, सेवादल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, पूर्व एवं वर्तमान एनएसयूआई अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण, समस्त सम्माननीय कार्यकर्ता गण को सादर आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### अवैध रूप से गांजा बेचने वाली महिला को किया गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। अवैध रूप से गांजा बेचने वाली को मुखबिर की सूचना पर जो शिव मंदिर रोड गणेश होटल के पास खैरगढ़ में रेड कार्यवाही कर आरोपीय भागो बाई पटेल पति स्वर्गीय माखन पटेल उम्र 60 वर्ष निवासी शिव मंदिर रोड बस स्टैंड के पीछे खैरागढ़ को गांजा बिक्री करते 312 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया है। आरोपिया के खिलाफ थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपिया भागो बाई पटेल पति स्वश्र माखन पटेल को रविवार 8 जून को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय मे पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जाएगा।

# पहला कॉलम...

## भारत आएंगे लियोनल मेसी

नई दिल्ली। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने केरल का अपना निर्धारित कर दिया है। अब्दुरहीमान ने स्पष्ट किया कि लियोनल मेसी और उनकी टीम तय कार्यक्रम के अनुसार केरल आएगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है।

अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्तूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाए रखने की कोशिश की है। अब्दुरहीमान और प्रायोजक दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि मेसी आएंगे। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में प्रायोजक को भी धन्यवाद दिया।

## कनाडा में महिला पत्रकार पर हमला

वैंकूवर, (कनाडा)। कनाडा की खोजी पत्रकार मोचा बेज़रिगन पर खालिस्तानियों ने हमला कर दिया है। इससे महिला पत्रकार बुरी तरह से डर गई हैं। यह कनाडा के पुलिस प्रशासन द्वारा खालिस्तानियों को समर्थन देने का एक और ताजा उदाहरण है कि कनाडाई अपनी ही महिला पत्रकार पर खालिस्तानियों के हमले को देखती रही और उसे आतंकियों से घिरने दिया। बेजिरगन ने वैंकूवर में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हमला किए जाने और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। यह घटना तब घटी जब वह एक खालिस्तानी रैली की रिपोर्टिंग कर रही थीं। बेज़रिगन ने बताया कि यह घटना महज दो घंटे पहले हुई है और वह अब भी सदमे में हैं। उन्होंने कहा, च्च्एक व्यक्ति मेरे पास आया और मुझसे सवाल पूछने लगा। वह मेरे चेहरे के बहुत करीब था। अचानक 2-3 और लोग मुझे चारों ओर से घेरने लगे, इतने पास कि मुझे लगा कि अब मैं कहीं जा नहीं सकती। मुझे लग गया था कि कुछ शारीरिक हमला होने वाला है, इसलिए मैंने अपने मुख्य कैमरे से चुपचाप रिकॉर्डिंग शुरू कर दी थी। साथ ही मैंने अपने फोन से भी वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

## इजरायल ने फलस्तीनी मुजाहिदीन कमांडर किया ढेर


यरूशलम। इजरायली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने गाजा शहर में हमलों में फिलिस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन के कम से कम दो सीनियर मेंबर को मार गिराया है। इजरायली फोर्स ने कहा कि दोनों में एक कमांडर भी शामिल है। कमांडर पर 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए घातक हमले में शामिल होने का आरोप है।

शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मुजाहिदीन ब्रिगेड के प्रमुख असद अबू शरैया एक ज्वाइंट ऑपरेशन में मारा गया। मुजाहिदीन ब्रिगेड फिलिस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन की हथियारबंद शाखा है।इजरायल ने अबू शरैया पर 2023 में हमास के नेतृत्व वाले हमले में 'अहम भूमिका' निभाने और 'इजरायली बंधकों के अगवा, हिरासत और हत्या में सीधे तौर पर शामिल होने' का आरोप लगाया।

## ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड विराट और रोहित को देगा फेयरवेल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी और टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया था. इसके पांच बाद टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया. लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों का ही कोई फेयरवेल मैच नहीं हुआ है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अभी तक रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट फेयरवेल को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है. लेकिन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने रोहित और विराट को फेयरवेल देने का प्लान बनाया है.

## रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की हुई सगाई



नई दिल्ली। लखनऊ स्थित एक होटल में रविवार को इंडियन क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) से सांसद प्रिया सरोज की सगाई पर दिग्गजों का जमावड़ा लगा। इस सगाई समारोह में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव, जया बच्चन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सगाई समारोह से रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की तस्वीर भी सामने आई है। इन तस्वीरों में प्रिया सरोज प्याजी रंग के लहंगे में दिखीं तो रिंकू सफेद रंग की शेरवानी पहने दिखे। सगाई की अंगूठी पहनाते वक्त सपा सांसद काफी भावुक हो गईं और फफक-फफक कर रो पड़ीं। इस भावुक क्षण में रिंकू ने उन्हें संभाल लिया। दोनों की जोड़ी को हर ओर से बधाईयां मिल रही हैं। यह जोड़ी इसी साल 18 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेगी। सगाई समारोह से कई वीडियो भी सामने आई हैं, जिसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं।

# आज नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह प्रो लीग की तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई थी। भारत को अगर शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में आखिरी समय में गोल खाने से बचना होगा।



नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा। भारत ने इस साल की शुरुआत में प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे।

## नासा के future Plans पर फिरा पानी?

न्यूयॉर्क। एलन मस्क की ओर से नासा के लिए स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उपयोग को रोकने की धमकी अंतरिक्ष एजेंसी और पेंटागन के लिए बड़ा झटका हो सकता है। इससे एजेंसी को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने में सक्षम इकलौता अमेरिकी वाहन से वंचित होना पड़ सकता है।



एक्स पर पोस्ट यह धमकी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बढ़ती लड़ाई के दौरान आई थी, जब ट्रंप ने मस्क की कंपनी के सभी संघीय अनुबंधों को रद करने की धमकी दी थी। हालांकि, धमकी के कई घंटे बाद मस्क ने कहा था कि ठीक है, हम ड्रैगन को बंद नहीं करेंगे। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्पेसएक्स के कई संघीय कार्यक्रमों के महत्व को देखते हुए संबंधों को तोड़ना नासा के साथ-साथ पेंटागन और खुफिया एजेंसियों को भी मुश्किल में डाल सकता है। पिछले कुछ वर्षों में स्पेसएक्स संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा पेलोड को प्रक्षेपित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। नासा की प्रेस सचिव बेथनी स्टीवंस ने यह नहीं बताया कि अगर सच में मस्क ऐसा करते हैं तो नासा स्पेसएक्स के बिना अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक कैसे पहुंचाएगा।उन्होंने केवल इतना कहा कि नासा अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए राष्ट्रपति के दृष्टिकोण पर काम करना जारी रखेगा। विवाद के बीच टेस्ला के शेयरों में 152 अरब डॉलर की बिकवाली के बाद चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

# यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

नई दिल्ली। फ्रेंच ओपन 2025 में पुरुष सिंगल्स के फाइनल के लिए स्टेज सज चुका है। जहां फाइनल मुकाबला यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच खेला जाएगा। दोनों प्लेयर्स बहुत ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। ऐसे में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों प्लेयर्स के पास अनुभव है। इनके पास वह काबिलियत है कि वो किसी भी परिस्थिति से मुकाबला जीत सकें।



सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज ने लोरेंजो मुसेटी को 3-1 से हराया था। मुसेटी के पैर में चोट लगी, जिसकी वजह से उन्हें रिटायर होना पड़ा था। ये मैच आखिरी सेट तक गया था। दूसरी तरफ यानिक सिनर ने स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में एंट्री मारी थी। 6-4, 7-5, 7-6 (7-3) से हार का मुंह देखना पड़ा था। अल्काराज का सिनर के खिलाफ रिकॉर्ड 7-4 का है। ऐसे में अल्काराज का सिनर के खिलाफ पलड़ा भारी है।

### अल्काराज जीत चुके हैं चार ग्रैंडस्लैम खिताब

यानिक सिनर ने अभी तक फ्रेंच ओपन का खिताब नहीं जीता है और वह पहली बार इस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। दूसरी तरफ कार्लोस अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने अभी तक तीन और अल्काराज ने चार ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। दोनों ही कम उम्र में टेनिस की दुनिया में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा चुके हैं।

यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच फाइनल मुकाबला 8 जून को भारतीय समयानुसार 6.30 बजे से शुरू होगा। भारतीय टेनिस फैंस इस मैच को लाइव सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट नेटवर्क पर ही इसका प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर होगी।

# कोको गौफ ने पहली बार जीता फ्रेंच ओपन का खिताब

नई दिल्ली। फ्रेंच ओपन महिला एकल का फाइनल 7 जून को फिलिप चैटियर कोर्ट में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और नंबर दो खिलाड़ी कोको गौफ के बीच हुआ. इस मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली जिसमें कोको गौफ ने अंततः तीन सेटों का मैच 2-1 से जीत लिया और अपने करियर का पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता. यह कोको गौफ का टेनिस करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है.



21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गौफ अपने टेनिस करियर में दूसरी बार फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में प्रवेश किया था. इससे पहले वो 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उन्हें खिताबी मुकाबले में इगा स्विएटेक से हार मिली थी. इस बार कोको गौफ ने अपनी पिछली गलतियों से सीखा और खिताब जीतने में सफल रहीं. आर्यना सबालेंका के खिलाफ उनका मैच लगभग 2 घंटे 38 मिनट तक चला जिसमें कोको गौफ पहला सेट हार गईं जिसे आर्यना सबालेंका ने टाईब्रेकर में जाकर 7-6 से जीत लिया.

पहला सेट हारने के बाद कोको गॉफ ने दूसरे सेट में शानदार वापसी की और आर्यना सबालेंका पर दबाव पूरी तरह से खत्म कर दिया. कोको गौफ ने दूसरा सेट 6-2 से जीतकर मैच 1-1 से बराबर कर दिया. वहीं तीसरे सेट में आर्यना सबालेंका ने वापसी की कोशिश की लेकिन कोको गौफ ने 6-4 से सेट जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया. जब कोको ने खिताब जीता तो वह खुशी से फर्श पर लेट गई और अपनी जीत का जश्न मनाया. कोको गॉफ ने इससे पहले 2023 में 18 साल की उम्र में यूएस ओपन का खिताब जीता था.

आपको बता दें कि 2015 में सेरेना विलियम्स की जीत के बाद फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं और 2002 में सेरेना विलियम्स के बाद सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं. कोको अब 21 साल की उम्र में खिताब अपने नाम कर चुकी हैं.

# इंग्लैंड में भारतीय क्रिकेट टीम ने शुरू की ट्रेनिंग





लंदन। ब्रिटेन पहुंचने के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है। पांच मैचों की तैयारी के लिए युवा टीम ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया। इस टेस्ट सीरीज के साथ टीम इंडिया के लिए 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत भी हो जाएगी।

यह सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरुआत का भी संकेत है, क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत का लक्ष्य 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना है।बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर भारत के प्रशिक्षण सत्र की एक झलक साझा करते हुए कैप्शन लिखा, इंग्लैंड में टीम इंडिया की लय में आने की पहली झलक। वीडियो में, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नए कप्तान शुभमन गिल, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत के साथ प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल हुए। ये एक कड़ा और तेज ट्रेनिंग सेशन था, जो लॉर्डस इंडोर क्रिकेट सेंटर में मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनकी कोचिंग टीम की निगरानी में हुआ।

पांच मैचों की यह सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होगी, जिसके बाद बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा।

लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमशः सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए ओपनिंग की और नंबर तीन बल्लेबाज के तौर पर भी खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम पांच शतक और सात अर्द्धशतक शामिल हैं।

## सूर्या के चार बास्केट से महामना क्लब की जीत

नई दिल्ली। वाराणसी के खिलाफ जिले से बाहर जाकर अपना शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वीमिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट सहित आदि खेल प्रतियोगिताएं वाराणसी में भी आयोजित हो रही हैं। इसमें जीते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सहायक सचिव डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि महामना क्लब ने पटेल क्लब को दो सेट 11-5, 11-7 से शिकस्त दी। दोनों टीम के सनी, सौरभ, सूर्या, विशाल चारो खिलाड़ी सीनियर वर्ग के राष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। बताया कि शिविर में 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को ले-अप शॉर्ट, पॉइंट और शूटिंग गार्ड, पावर फॉवर्ड और सेंटर से बास्केट करने का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा पास और ड्रीबलिंग की जानकारी देने के साथ ही मैचों का अभ्यास कराया जा रहा है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 9 जून 2025 )

| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 4 | 7 | 0 | सोम | 2 | 3 | 6 | 9 |
| | 18 | 48 | 76 | 09 | | 21 | 36 | 65 | 95 |
| मंगल | 3 | 6 | 7 | 0 | मंगल | 3 | 4 | 7 | 0 |
| | 36 | 65 | 73 | 02 | | 37 | 48 | 76 | 09 |
| बुध | 2 | 3 | 6 | 9 | बुध | 2 | 5 | 6 | 9 |
| | 21 | 37 | 67 | 95 | | 20 | 59 | 67 | 91 |
| गुरू | 1 | 2 | 5 | 8 | गुरू | 1 | 4 | 7 | 8 |
| | 19 | 20 | 59 | 84 | | 18 | 45 | 73 | 81 |
| शुक्र | 3 | 6 | 7 | 0 | शुक्र | 3 | 4 | 7 | 0 |
| | 32 | 63 | 78 | 08 | | 32 | 43 | 78 | 02 |
| शनि | 1 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | 15 | 45 | 56 | 81 | | | | | |

| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | | अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | | सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 6 | 7 | 0 | सप्ताह में अचूक | 2 | 5 | 6 | 7 |
| स्पेशल | 46 | 64 | 74 | 09 | स्पेशल | 26 | 58 | 67 | 78 |

**सप्ताह में देखें**

| कल्याण | | | | | राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 | 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 | 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 | 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 | 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 | 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 | 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 | 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 | 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 | 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 | 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | 00 | 74 | 83 | 08 | 57 | 48 | 84 | 98 | 35 | 71 |
| 99 | 00 | 47 | 21 | 72 | 26 | 04 | 29 | 63 | 96 | 03 |
| 30 | 61 | 16 | 81 | 65 | 38 | 08 | 74 | 08 | 86 | 37 |
| 34 | 62 | 21 | 02 | 23 | 24 | 76 | 14 | 10 | 13 | 21 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-68-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 26-59-69-73-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 मणिपुर की शांति में खलल!...**

थौबल और काकचिंग जिलों में भी इसी तरह के उपाय किए गए हैं। इंफाल पूर्व और बिष्णुपुर जिलों में अगले आदेश तक लोगों के शनिवार रात 10 बजे से अपने घरों से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। घाटी के पांच जिलों में शनिवार रात 11.45 बजे से पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। गृह सचिव एन. अशोक कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में मौजूदा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाली तस्वीरें, घृणास्पद भाषण और घृणास्पद वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए इंटरनेट मीडिया का बड़े पैमाने पर उपयोग कर सकते हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हुए हमले से संबंधित मामले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों उग्रवादियों ने अपने सहयोगियों के साथ पिछले साल तेंग्नौपाल जिले के मोरेह में भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के पोस्ट और सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रचकर उसे अंजाम दिया।

हमले में दो पुलिस कमांडो बलिदान हुए थे जबकि कई अन्य घायल हुए थे। गिरफ्तार उग्रवादियों में थांगमिनलेन माते शामिल है, जो उग्रवादी समूहकुकी इनपी तेंग्नौपाल (केआइटी) का सदस्य है। उसने हमले की साजिश रचकर उसे अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई। उसे 19 मई को सिलचर से गिरफ्तार किया गया। इस समय वह गुवाहाटी केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में है। दो अन्य उग्रवादियों कमगिनथांग गंगते और हेंटिनथांग किपगेन उर्फ थांगनेओ किपगेन को छह जून को इंफाल से गिरफ्तार किया गया। गंगते कुकी नेशनल आर्मी का सदस्य है, वहीं किपगेन चूड़चंदपुर जिले में ग्राम्य स्वयंसेवकों के समूह से जुड़ा है। दोनों को एनआइए विशेष अदालत ने गुवाहाटी भेजने के लिए नौ जून तक ट्रांजिट रिमांड दिया है।

**0 तेलंगाना मंत्रिमंडल का विस्तार : कांग्रेस....**

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शपथ लेने वाले मंत्रियों को एक्स (पूर्व में

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

ट्विटर) पर बधाई दी। साथ ही दोर्नाकल के विधायक रामचंदर नाइक को विधानसभा उपाध्यक्ष बनने पर भी शुभकामनाएं दीं।

**0 2026 में बंगाल और तमिलनाडु में हमारी शाह...**

पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि स्टालिन 2021 में किए गए अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं कर सके। शाह की टिप्पणियों पर डीएमके ने भी प्रतिक्रिया दी। पार्टी प्रवक्ता सैयद हफीजुल्लाह ने कहा, इस बात की थोड़ी संभावना है कि भाजपा अमेरिका में भी सरकार बना पाए। लेकिन तमिलनाडु में इसकी कोई संभावना नहीं है। अमित शाह ने आगे कहा कि उन्हें तमिल न जानने के लिए खेद है। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के अपने बीजेपी कार्यकर्ताओं से माफी मांगता हूं। क्योंकि मैं भारत की महान भाषाओं में से एक- तमिल में उनसे बात नहीं कर सकता। इस दौरान बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डीएमके सरकार को पूरी तरह से विफल बताया। उन्होंने डीएमके पर भ्रष्टाचार और कुशासन के आरोप लगाए। अपने संबोधन में तमिलनाडु बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कानून-व्यवस्था को लेकर डीएमके शासन पर निशाना साधा और पश्चिमी कोंगू क्षेत्र के गांवों में बुजुर्गों की टारगेट किलिंग को लेकर पुलिस पर सवाल उठाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की अपील की और अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन को 'उपयुक्त गठबंधन' करार दिया। उन्होंने अमित शाह को 'भारत का लौह पुरुष, दूसरा सरदार वल्लभभाई पटेल' बताया।

**0 19 ब्रह्मोस और क्रिस्टल मेज मिसाइलों ने उड़ाए ....**

एक्सकैलिबर गोला-बारूद का इस्तेमाल करके पाकिस्तानी सेना दूसरी पंक्ति की रक्षा पंक्तियों को नष्ट कर दिया। 7 मई की सुबह ऑपरेशन शुरू होने से लेकर 10 मई की शाम को युद्ध विराम के बीच भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों पर बमबारी की और कम से कम 100 आतंकवादियों को मार गिराया। भारतीय वायुसेना ने 13 पाकिस्तानी एयरबेस और सैन्य प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया।

भारत ने 10 मई को जवाबी हमले के दौरान एक चीनी एलवाई-80 फायर रडार, दो एएन/टीपीक्यू-43 यूएस निर्मित स्वचालित ट्रैकिंग रडार, और चकलाला में चीनी मुख्यालय-9 रडार की एक फायर यूनिट को नष्ट कर दिया। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी एयरबेस पर 19 ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें दागीं, साथ ही लगभग इतनी ही संख्या में फ्रांसीसी एससीएएलपी सबसोनिक क्रूज मिसाइलें भी दागीं। बदले में, पाकिस्तानियों ने चीनी जेएफ-17 लड़ाकू विमानों का उपयोग करके भारतीय एयरबेस पर सीएम-400 एकेजी एयर-लॉन्च सुपरसोनिक मिसाइलें दागीं, लेकिन इनसे कोई नुकसान नहीं हुआ।

**0 चिराग पासवान का बड़ा ऐलान, बोले...**

चिराग ने कहा कि बिहार को अपराध का गढ़ बताने वाले राहुल गांधी के झांसे नहीं आएं, बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन के साथ बिहार को भारत का नंबर वन राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा, जब हम जंगलराज की बात करते हैं, तो लोग इसे केवल आरजेडी से जोड़कर देखते हैं। लेकिन सच यह है कि इसके लिए कांग्रेस भी बराबर की जिम्मेदार है। उस दौर में दोनों पार्टी सत्ता में साझेदार रहे और राज्य को अराजकता की ओर धकेला।

**बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है**

2020 का चुनाव भाजपा, जेडीयू, वीआईपी और हम पार्टी ने मिलकर लड़ा था। भाजपा ने 74, जेडीयू ने 43 और हम और वीआईपी ने 4-4 सीटों पर जीत दर्ज की थी। चिराग एनडीए के साथ नहीं थे। चुनाव के बाद एनडीए ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाई। अगस्त 2022 में नीतीश महागठबंधन में चले गए। 2024 लोकसभा चुनावों से ठीक पहले वो फिर एनडीए में आ गए। रामविलास पासवान के निधन के बाद उनकी पार्टी लोजपा में उत्तराधिकार को लेकर चिराग और पशुपति पारस के बीच जंग छिड़ गई थी। जुलाई, 2021 में लोजपा के 5 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिख चिराग को अपना नेता मानने से इनकार कर दिया था और पशुपति पारस को अपना नेता चुन लिया था। इसके बाद पार्टी 2 धड़ों में बंट गई थी। चिराग वाला धड़ा लोजपा रामविलास और पशुपति पारस वाला राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कहलाया।

# रायपुर में भव्य व्यापारी सम्मेलन का आयोजन संपन्न



राजनांदगांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रहे मुख्य अतिथि

राजनांदगांव (दावा)। रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन में राजनांदगांव जिले के व्यापारियों की अहम भागीदारी रही। इस सम्मेलन में राजनांदगांव के क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए। उन्होंने सम्मेलन में व्यापारियों के हितों को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही।

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल विषय पर प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन मैक कॉलेज ऑडिटोरियम, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष, सुनील सिंघी अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) तथा विशिष्ट अतिथि राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम एवं अमर पारवानी राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के आह्वान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बनी टेक्नोलॉजी, उपकरण और हथियारों में आत्मनिर्भर भारत की झलक है। हमारे इंजीनियर, टेक्निशियन और श्रमिकों का पसीना इस सफलता का आधार है। यह अभियान पूरे देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने वाला है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया वह अभूतपूर्व है। आतंकवाद के खिलाफ देश का यह संकल्प और एकजुटता ही भारत की असली ताकत है। उन्होंने व्यापारियों को शपथ दिलाई तथा यथासंभव स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि राजेश मूणत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की असली ताकत है जन-मन का जुड़ाव और जनभागीदारी। यदि हम सभी अपने जीवन में जहां संभव हो, देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें तो यह सिर्फ आर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी होगी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कैट की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' को सफल बनाने के लिए व्यापारी समुदाय से एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कैट छत्तीसगढ़ के महामंत्री सुरिन्द्र सिंह ने कुशलता से किया। प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कैट की छत्तीसगढ़ में यात्रा और विस्तार पर प्रकाश डाला।

उन्होंने प्रदेशभर से पधारे सभी व्यापारी प्रतिनिधियों को एकजुटता का परिचय देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में सभी उपस्थित व्यापारियों ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने, प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रहित में आर्थिक आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया। सम्मेलन में कैट, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट, जिला इकाइयां बिलासपुर, धमतरी, कांकेर, भाटापारा, मनेंद्रगढ़, दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, अभनपुर, तिल्दा, सरायपाली, गरियाबंद, चांपा, जांजगीर नैला, अकलतरा एवं रायपुर के विभिन्न व्यापारिक संगठन सहित व्यापारिगण शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजू डागा, अरुण शुक्ला सहित राजनांदगांव के व्यापारी उपस्थित थे।

# यह आम... है बहुत खास : कीमत पौने तीन लाख रुपए किलो



रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे आम महोत्सव में इस बार जापान की मशहूर प्रजाति मियाजाकी आम सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसकी कीमत 2.5 से 3 लाख रुपए प्रति किलो तक बताई जा रही है, जिसे सुनकर लोग भी हैरान हैं।

गहरे लाल रंग और बेहतरीन मिठास वाले इस आम की खूबसूरती भी लोगों को खूब लुभा रही है। इसके साथ ही महोत्सव में देसी नस्ल का 'हाथीजुड़' आम भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसका वजन करीब ढाई किलो है और आकार हाथी की सूंड जैसा दिखता है। इन खास किस्मों ने आम महोत्सव को और भी रोचक बना दिया है। इसका आयोजन 6 ,7 और 8 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन और प्रकृति की ओर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले के संबलपुर हाई स्कूल कराठी में आयोजित दो दिवसीय बुढालपेन करसाड़ एवं मांदरी महोत्सव 2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आदिवासी समाज के आराध्य देव बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम साय ने कहा-यह उत्सव हमारे पूर्वजों की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है।

# पति-पत्नी के झगड़े को शांत कराने गए पिता की युवक ने ईंट से वार की हत्या



दुर्ग (दावा)। दुर्ग धमधा थाना क्षेत्र में एक बेटा ने अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बेटे और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। जिसे शांत कराने गए पिता पर आरोपी ने ईंट से हमला कर दिया। जिसके बाद मृतक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूरा मामला धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम राहटादाह का बताया जा रहा है। यहां रहने वाली मुसाफिर दास मारकंडे ( 27 साल) ने धमधा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते 24 मई की रात उसके ताऊ की उनके बेटे ने हत्या कर दी है। उसने बताया कि उसके बड़े पिता धरमपाल मारकंडे अपने घर में खाना खाकर आराम कर रहे थे।

इसी दौरान उसका बेटा शंकरदास मारकंडे अपनी पत्नी लीला मारकंडे के साथ झगड़ा करने लगा। काफी देर तक झगड़ा होता देख धरमपाल उठा और अपने बेटे शंकर को झगड़ा करने से मना करने लगा। बेटे ने पिता के साथ गाली गलौज करते हुए ईंट उठाकर सिर पर हमला कर दिया। इस हमले में पिता के बांई आंख के पास चोट आई। घटना के बाद परिजनों ने घायल पिता को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगाने पर पुलिस मौके पर पहुंची बेटा शंकरदास मारकंडे को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की गई। जिसके बाद आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपीं बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# कचरा बना कमाई का जरिया, स्वच्छता दीदियों की मेहनत से बदली ग्रामीणों की तकदीर

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला पंचायत मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति भारती चंद्राकर के निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार 'स्वच्छता तिहार' का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर उसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड में सुव्यवस्थित तरीके से अलग-अलग वर्गीकृत किया जा रहा है। इस एकत्रित कचरे को कबाड़ के रूप में बड़े कबाड़ी वालों को उचित मूल्य पर बेचा जा रहा है। यह व्यवस्था विकासखंड अंबागढ़ चौकी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही है।




स्वच्छता दीदियों के इस प्रयास से उन्हें न केवल आर्थिक आय का एक सशक्त स्रोत मिला है, बल्कि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और आत्म सम्मान भी बढ़ा है। अब गांव की गलियां पहले से ज्यादा स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ दिख रही हैं। यह बदलाव न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल है, बल्कि यह उदाहरण भी है कि कचरा भी कमाई का साधन बन सकता है, यदि उसे सही दिशा दी जाए।

# डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामोद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्था चाम्पा एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर एवं लेटेराल एण्ट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके लिए आयु सीमा 15 से 23 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के लेटेराल एण्ट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय सहित कक्षा 12वीं की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में अतिरिक्त विषय सहित 10वीं परीक्षा के साथ 2 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त या 12वीं परीक्षा के साथ 2 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र होंगे। इसके लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 27 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। इस संबंध में अन्य जानकारी एवं आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट www.iihtchampa.org.in से प्राप्त की जा सकती है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट, ईमेल iihtchampacg@gmail.com या स्वयं उपस्थित होकर 10 जून 2025 को शाम 5 बजे तक प्राचार्य भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान मड़वा प्लांट रोड लछनपुर चौक चाम्पा जिला जांजगीर-चाम्पा (छत्तीसगढ़) पिन 495669 में जमा किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा इन्द्रावती भवन नवा रायपुर एवं जिले में जिला हाथकरघा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# मुंबई से आए अकादमी के बोर्ड मेंबर का स्वागत

भिलाई (दावा)। मुंबई के प्रसिद्ध जेजे आर्ट्स कालेज के प्राध्यापक मारुति बाबूराव शेल्के का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। वे संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के ललित कला अकादमी में महाराष्ट्र राज्य से सदस्य तथा बोर्ड मेंबर हैं। छग आगमन पर यहां के समस्त कलाकारों की ओर से उनका सम्मान मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने किया।



सिरपुर के विश्वप्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह के दौरान रायपुर से इंजीनियर शिवाजी यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। मुंबई के मारुति बाबूराव शेल्के समकालीन भारतीय कला जगत के एक सशक्त स्तंभ हैं। उनकी विशेषज्ञता कला के कठिनतम ग्राफिक आर्ट्स से है, जिसके लिए वे देश दुनिया में पहचाने जाते हैं। मुंबई केजेजे आर्ट्स कालेज जिसने भारत को एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं। उसमें पढ़ाते हुए उन्होंने सैकड़ों छात्रों को कला की दीक्षा दी है। विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन करते हुए वे पूरे भारतवर्ष में भ्रमण करते रहते हैं। भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ अर्थात दक्षिण कोसल आगमन पर उन्होंने अत्यंत ही प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उनके वर्षों का स्वप्न अब पूरा हुआ है।

छठवीं शताब्दी में इंटों की नक्काशियों से बने इस मंदिर को देखकर वे अभिभूत हो गए। उन्होंने कहा कि इस धरा का सौभाग्य है कि उन्होंने भगवान श्री राम को बाल्यावस्था में प्यार दिया और उनके चरण पखारे। छत्तीसगढ़ के लोगों का अपने भांजे में श्रीराम को देखना और उनके चरण छूने की परंपरा पूरे भारतवर्ष में अद्वितीय है। संभवतया यही कारण है कि इसी निश्छल प्रेम से प्रभावित होकर अयोध्या में भगवान श्रीराम के बालस्वरूप की पूजा हो रही है। उन्होंने राजिम, चंपारण और सिरपुर का दर्शन करने के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति काफी समृद्ध है। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य से ललित कला अकादमी नई दिल्ली में राज्य से प्रथम बोर्ड मेंबर डॉ. अंकुश देवांगन ने मारुति बाबूराव शेल्के की विश्वस्तरीय कला का बखान करने के साथ ही उनके सहजता और सरलता की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# बीएसपी अधिकारी के घर चोरों का धावा

दुर्ग (दावा)। जिले के उतई थाना अंतर्गत उमरपोटी चंद्रनगर में




बीएसपी अधिकारी के घर बड़ी चोरी हुई। चोरों ने घर से दो महंगे मोबाइल फोन और 8 लाख से अधिक के सोने के जेवर पार कर दिए। उतई पुलिस मामला दर्ज आरोपीयों का पता लगा रही है। उतई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शशि कुमार उपाध्याय ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वो दल्लीराजहरा माईंस में माईंस कंट्रोलर के पद पर पदस्थ है। उसने उमरपोटी चंद्रनगर में नया मकान बनवाया है। 6 जून को उसके घर में गृह प्रवेश कार्यक्रम था।कार्यक्रम में दूर और आसपास के काफी मेहमाने आए थे। कार्यक्रम रात 9 बजे तक समाप्त हो गया। इसके बाद वो लोग परिवार के साथ रात 1 बजे तक जागते हुए बात कर रहे थे।इसके बाद सभी लोग देर रात 1 बजे सो गये। 7 जून की सुबह 4 बजे उनका भांजा मयंक मिश्रा उठा तो देखा कि घर का मेन गेट खुला हुआ है। उसने बाहर जाकर देखा तो एक बैग पड़ा हुआ था। बैग का सारा समान बिखरा हुआ था। यह देख मयंक घबरा गया और घर के बाकी लोगों को भी जगाने अंदर गया। जब शशि उपाध्याय और बाकी घर के लोग जागे और देखा मेन गेट में जो जालीदार दरवाजा लगा है उसकी जाली कटी हुई है। उन्होंने तुरंत घर के अंदर जाकर अपना सामान चेक किया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। शशि उपाध्याय के वन प्लस नार्ड और उनकी बेटी का आई फोन और भांजे का सैंमसंग कंपनी का मोबाइल गायब था। शशि की पत्नी रीता उपाध्याय ने अपना ट्राली बैग चेक किया जिसमें से उनके सोने का हार और चेन गायब था। आसपास पता करने पर भी जब उसका कहीं पता नहीं चला तो उन्होंने उतई थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई।

# डोंगरगांव में किया गया राजस्व शिविर का आयोजन




- कलेक्टर ने राजस्व शिविर में आमजनों की सुनी समस्याएं, प्रकरणों का संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश
- शिविर में 15 किसानों को किसान किताब का किया गया वितरण
- त्रुटि सुधार के 25 मामलों का हुआ त्वरित निराकरण

राजनांदगांव (दावा)। जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं के लिए परेशान न पड़े और उनके कार्य तत्काल सुगमतापूर्वक शीघ्र पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने डोंगरगांव तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमानस के राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से करें।

राजस्व शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से नामांतरण के 47, बटवारा के 26, सीमांकन के 21, बटांकन के 45, त्रुटि सुधार के 48, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के 54, अतिक्रमण के 14, पट्टा के 12, किसान किताब के 29, अन्य 33 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर ही 75 आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर निराकृत किया गया। शिविर में 15 किसानों को निःशुल्क किसान किताब वितरित किया गया। शिविर में राजस्व अमला एक ही स्थान पर उपलब्ध होने पर जनसामान्य के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण हुआ एवं मामले को समझाना भी आसान हो गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजिता, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू, रामकुमार गुप्ता, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित जनपद सदस्य, पार्षद, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी उपस्थित थे।

# दाई बबा मन के सेवा करना हमर प्रथम कर्तव्य -गिरवर साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। राष्ट्रीय गैर संचारी रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चारभाटा में हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर दाई बबा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू एवं सरपंच श्रीमति अनिता अहिरवार का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर गिरवर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाया जा रहा दाई बबा दिवस कार्यक्रम एक सस्कार से जुड़ा अभियान है जिस तरह हम अपने बच्चों का लालन पालन दिल से करते है समय पे नहलाना समय पे खाना खिलाना ठीक उसी तरह बच्चों के समान ही दाई बबा का सेवा करना ही हमारा प्रथम कर्तव्य है क्योंकि बुढ़ापा में कोई भी व्यक्ति बच्चों के तरह व्यवहार करते है।

इसलिए हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए कि दाई बबा का सेवा हमारे सस्कार में होना चाहिए ताकि हमारे आने वाला पीढ़ी भी इस संस्कार को सीखे इसीलिए तो हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 साल के आम लोगो के लिए आयुष्मान कार्ड लागू किया जिसमें पांच लाख तक फ्री में इलाज किया जाएगा, इसके पहले 60 साल तक ही आम लोगों का ही इलाज होता था इस शिविर में 72 लोगों का मधुमेह, बीपी, शुगर, नेत्र का चेकअप किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. टी एल देवांगन, नेत्र सहायक सौरभ यादव, आर एच ओ राकेश सिन्हा, स्टाफनर्स निर्मला कोर्राम एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा।

# छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों में बदलेगा मौसम, बारिश के आसार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बारिश नहीं होने की वजह से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसमी सिस्टम कमजोर पड़ गया है। मानसून बस्तर संभाग से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। अब प्रदेश में कहीं बारिश, तो कहीं तेज धूप के साथ उमस और भीषण गर्मी पड़ रही है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। अगले तीन दिनों के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बताया कि आज रविवार को प्रदेश के एक-दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं एक-दो जगहों पर मेघ गर्जन के साथ तेज हवा 40-50 किमी की रफ्तार से चलने की संभावना है। अगले तीन दिनों के बाद तेज हवा के साथ मेघ गर्जन की गतिविधि बढ़ने की संभावना है।

# शिक्षकों को भी स्थानांतरण नीति का लाभ प्राप्त हो - नीलेश रामटेके

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने प्रदेशभर के शिक्षकों को स्थानांतरण नीति से अलग किए जाने को अनुचित करार दिया है। संघ के जिलाध्यक्ष नीलेश रामटेके ने बताया कि छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 5 जून को जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाना है, लेकिन यह स्थानांतरण नीति स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकीय कार्य में पदस्थ शिक्षकगणों पर लागू नहीं होगा। अर्थात प्रदेश के शिक्षकों का इस नीति के तहत जिला व राज्य स्तर पर स्थानांतरण नहीं हो पाएगा। इससे लंबे समय से स्थानांतरण का बाट जोह रहे शिक्षकों को शासन ने एक बार फिर से निराश किया है।

उन्होंने आगे कहा कि जिले सहित प्रदेश में ऐसे कई शिक्षक हैं। जिनमें पति व पत्नी दोनों ही शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और अलग-अलग जिला या ब्लॉक में कार्यरत होने के कारण पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे शिक्षक पति-पत्नी एक स्थान पर पदांकन के लिए स्थानांतरण की राह देख रहे थे, लेकिन उन्हें निराश होना पड़ा है। इसके साथ ही कुछ शिक्षक स्वयं या अपने माता-पिता या पुत्र-पुत्री के गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के कारण इलाज के लिए सुविधा वाले स्थान पर जाना चाह रहे थे। कई शिक्षक समान पद व विषय के आधार पर आपसी सहमति से सुविधादायक स्थान पर स्थानांतरण कराना चाह रहे थे, लेकिन इन सभी शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष नीलेश रामटेके, जिला सचिव ओगेश्वर साहू, कुमुदनी वैद्य, रेणु जामगड़े, सुशीला सोनी, तिलोत्तमा बढ़गे, लीना देवांगन, कविता चतुर्वेदी, रुकधन चुरेंद्र, जगदीश वर्मा, भुनेश्वर कोर्राम, डोमन साहू, कोमल ठाकुर आदि ने वर्तमान स्थानांतरण नीति में शिक्षकों को भी शामिल करने की मांग की है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने साल्हेटोला सोसायटी का किया निरक्षण



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत साल्हेटोला में चावल वितरण केन्द्र (सोसायटी) का निरीक्षण कर हितग्राहियों से मुलाकात कर चर्चा की। श्रीमती वैष्णव ने चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय के सरकार ने राज्य के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से 'चावल उत्सव 2025' की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत 1 से 7 जून तक राज्य के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को एकमुश्त तीन महीने (जून, जुलाई, अगस्त) का चावल वितरित किया जाएगा। यह योजना छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मानसून के मौसम में अक्सर दूरदराज और ग्रामीण इलाकों तक राशन की आपूर्ति में बाधा आती है।

इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि बारिश से पहले ही तीन महीने का राशन वितरित कर दिया जाए। जिससे किसी भी परिवार को संकट का सामना न करना पड़े। श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 1 रूपए किलो में चावल देने की योजना की शुरुआत विकास पुरुष डॉ. रमन सिंह की भाजपा सरकार में शुरू की गई। जो देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य बना। जहां 1 रूपए किलो में चावल देने की शुरुआत की गई। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत सभी गरीब परिवारों 5 वर्ष तक मुफ्त आनाज देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। आज हमारा छत्तीसगढ़ विकसित राज्य के रूप में उभर रहा है। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने चावल वितरण करने वाले कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हितग्राहियों को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। साथ ही चांवल का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध कराकर उन्हें चावल का वितरण किया जाए।

# परिवहन विभाग के भ्रष्टाचार का ओर-छोर नहीं, जितनी राजस्व आय उतनी ही अवैध कमाई

राजनांदगांव (दावा)। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन जांच चौकियां पाटेकोहरा तथा चिल्फी से विगत दो वर्षों 2022-23 व वर्ष 2024-25 के जनवरी 2025 तक राज्य सरकार को लगभग 126 करोड़ 25 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी दौरान, पाटेकोहरा जांच चौकी में 13,887 मध्यम वाहनों एवं 4,74,547 भारी वाहनों पर मोटरयान अधिनियमों एवं कराधान नियमों के तहत नियमों के उल्लंघन किए जाने पर कार्यवाही की गई थी। इसी के साथ-साथ जांच प्रक्रियां भी चलती रही।

उल्लेखनीय कि, पूर्व में केन्द्र के निर्देश पर बेरियर जांच चौकियां बंद कर दी गई थी। किन्तु, पिछले तीन वर्षो से फिर पाटेकोहरा में बेरियर संचालित है। अब सरकार की परिवहन नीति के तहत आउटसोर्सिंग/प्लेसमेंट एजेंसी ''काल मी सर्विस'' के माध्यम से सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी उपलब्ध कराए गए हैं। वित्तिय अधिकार के नियमों के अनुसार सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था बाहर से करवाने हेतु विभाग प्रमुख को पूर्ण शक्तियां प्राप्त है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार, एजेन्सी के द्वारा एजेन्सी को कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाता है। बैरियरों में ''काल मी सर्विस'' के द्वारा 48 सफाई कर्मी और 48 सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराए गए हैं। जिन्हे आवश्यकता अनुसार परिवरहन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परिवहन चेकपोस्ट एवं परिवहन उड़नदस्ता में कार्यों के अनुरूप लगाया जाता है। उल्लेखनीय कि, परिवहन विभाग के द्वारा सीधे कर्मचारियों को भुगतान न कर प्लेसमेंट एजेन्सी को जी.एस.टी. सहित भुगतान किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में राशि 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 558/- वर्ष 2023 में राशि एक करोड़ 97 लाख

### भ्रष्टाचार शत प्रतिशत टालरेंस ?

8 हजार 172 रूपए तथा वर्ष 2024 में राशि एक करोड़ 85 लाख 88 हजार 979 रूपए का भुगतान किया गया था। पुनः यह कि कर्मचारियों को भुगतान प्लेसमेंट एजेन्सी द्वारा किया जाता है।

### आनलाइन नागरिक सेवाएं

परिवहन विभाग में अनेक सेवाएं कर भुगतान सेवा, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, फिटनेस आवेदन, पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन, स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन, डीलर प्वाइंट वाहन के कर का भुगतान इत्यादि 21 सेवाएं वाहन 4.0 के माध्यम से आनलाईन नागरिक सेवाएं हैं। किन्तु, कभी-कभी ये सेवाएं बाधित भी हो जाती हैं।

### अब भ्रष्ट रस्म अदायगी का चित्र

यह तो परिवहन विभाग का एक उजला पक्ष है। लेकिन, इसके ठीक सिक्के के दूसरी ओर सदृश्य एक चित्र यह कि परिवहन विभाग के सभी चेक पोस्ट भ्रष्टाचार में गलाडूब हैं। छत्तीसगढ़ में बार्डर पर स्थित परिवहन चेक पोस्ट पर एंट्री फीस के नाम पर ट्रक चालकों से प्रति माह औसतन लगभग 14 करोड़ की अवैध वसूली हो रही है। या यूं कहें कि सालाना लगभग 162 करोड़ परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की ऊपरी कमाई है। चेक पोस्टों पर तैनात परिवहन अधिकारियों और उक्त दर्शाएं कर्मचारियों के द्वारा ट्रक चालकों से ये वसूली एंट्री एक्जिट स्टैंप (मोहर) लगाने के नाम पर कर रहे हैं। चेक पोस्ट पर तैनात अमला एक ट्रक से औसतन 300 रूपए वसूलता है। प्रतिदिन लगभग 1500 से 2000 वाहनों का आवागमन चेकपोस्ट पर होता है। केवल इसी पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोटी अवैध वसूली परिवहन विभाग का अमला प्रति माह लाखों कमाता है।

परिवहन विभाग का यह राक्षसी कद का भ्रष्टाचार वर्षों से चित परिचित है। भ्रष्ट शासक नेताओं, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को हर माह उनके कद के अनुसार लिफाफा संस्कृति प्रणाली के तहत प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में ही उनका हिस्सा बड़ी ईमानदारी से पहुंचा दिया जाता है। परिवहन विभाग में पनपे दीर्घाकार भ्रष्टाचार का रैकेट अबाध गति से अपना काम कर रहा है। क्या इसे भ्रष्टाचार शत्प्रतिशत टालरेंस कहें ?

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का फैसला... अनुकंपा या दया नियुक्ति एकमुश्त लाभ, नहीं कर सकते पदोन्नति की मांग



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अनुकंपा या दया के आधार पर दी जाने वाली नियुक्ति एक बार का विशेष लाभ है। यदि कोई अभ्यर्थी आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद उस पद को स्वीकार करता है, तो वह भविष्य में उस पद की प्रकृति, स्तर या पदोन्नति को लेकर कोई दावा नहीं कर सकता।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुकंपा या दया नियुक्ति एकमुश्त लाभ है और यदि कोई व्यक्ति आपत्ति के साथ भी इस नियुक्ति को स्वीकार कर लेता है, तो वह भविष्य में पदोन्नति या उच्च पद की मांग नहीं कर सकता। यह फैसला जस्टिस राकेश मोहन दुबे की एकलपीठ ने दिया है।

उन्होंने अपने आदेश में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया विभागीय पदों की उपलब्धता, प्रशासनिक विवेक और तय नियमों पर आधारित होती है। यह नियुक्ति कोई कानूनी अधिकार नहीं, बल्कि मृत कर्मचारी के परिजनों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए दी जाने वाली प्रशासनिक सुविधा है।

### हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए सुनाया फैसला

जस्टिस राकेश मोहन दुबे की एकलपीठ ने मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद अपने फैसले में कहा कि, अनुकंपा नियुक्ति एक संवैधानिक या कानूनी अधिकार नहीं, बल्कि एक प्रशासनिक व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य मृतक कर्मचारी के स्वजनों को आकस्मिक आर्थिक संकट से उबारना होता है। यह नियुक्ति विभागीय पदों की उपलब्धता, प्रशासनिक विवेक और नियमानुसार प्रक्रियाओं के अधीन होती है।

यदि कोई अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र मिलने के बाद, आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद नियुक्ति स्वीकार कर लेता है, तो उसे एकमुश्त लाभ माना जाएगा। भविष्य में उस पद की प्रकृति को लेकर आपत्ति, पदोन्नति की मांग या किसी उच्च पद की मांग करना विधिसम्मत नहीं है। अनुकंपा नियुक्ति को सामान्य भर्ती प्रक्रिया का विकल्प नहीं माना जा सकता। इस आधार पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

# तरंग-2025 में अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामरा के बच्चों की राष्ट्रीय स्तर पर शानदार जीत




राजनांदगांव (दावा)। दार्जिलिंग में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता 'तरंगण 2025' में अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा के छात्रों ने अपने हुनर और जोश से सबका दिल जीत लिया। सीनियर वर्ग की वेस्टर्न डांस प्रतियोगिता में स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ को गौरव महसूस कराया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन कथक रॉकर्स के मशहूर नृत्य निर्देशक चेतन बोरकर द्वारा किया गया। जिसमें देशभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरपूर था।

अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा की टीम की प्रस्तुति में नृत्य की आधुनिकता, तालमेल और आत्मविश्वास साफ़ झलक रहा था। उनके प्रदर्शन को जजों और दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन देकर सराहा। टीम का मार्गदर्शन डांस टीचर हरीश साहू सर द्वारा किया गया और उनके साथ सहायक शिक्षिका मिस मेघा तुमरेकी भी छात्र-छात्राओं को सहयोग एवं अनुशासन में सहायक के रूप में उपस्थित रहीं।

टीम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं क्रमशः तस्कीम खान, अंकिता सोनी, अरिशा खान, आलिया अंजुम, शेख अल्फिया, आयरा नाज़ और रंजना गहलोत ने अपनी मेहनत और सामूहिक प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया।

डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ ने कहा, कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल और संस्कृति में भागीदारी बच्चों को आत्मविश्वासी और मजबूत बनाती है।

प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और लगन से किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है। यह पूरे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामरा की इस उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरे जिले में उत्सव का माहौल है। टीम को जल्द ही विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# तोमर ब्रदर्स के घर पहुंची आईटी और नगर निगम की टीम : इनकम टैक्स- बेनामी संपत्ति समेत कई सवालों के जवाब तलाश रहे अफसर

रायपुर। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में सूदखोरी का जाल बिछाकर पीड़ितों से करोड़ों रुपए वसूलने वाले हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर की तलाश जारी है। पुलिस की जांच के बीच रविवार को इनकम टैक्स और नगर निगम के अधिकारियों ने भी जांच शुरू कर दी है। आरोपी वीरेंद्र और रोहित के पास कुल कितनी संपत्ति है? कितनी संपत्तियों का वो टैक्स दे रहे हैं? कितनी संपत्ति बेनामी है? इन सब सवालों के जवाब ढ्ढ्ढ अफसर तलाश रहे हैं। वहीं निगम के अधिकारी भी आरोपियों के घर पहुंचकर संपत्ति संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर तोमर बंधुओं के आलीशान मकान का नाप-जोख किया और मकान के निर्माण व नक्शे की जांच प्रक्रिया शुरू की। दोनों आरोपी भाई करीब 7 दिनों से फरार हैं। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान रायपुर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने मकान से जुड़े दस्तावेजों की जांच की और परिजनों से निर्माण से संबंधित जानकारी भी मांगी।

जोन 8 के कमिश्नर हितेंद्र यादव ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वीरेंद्र तोमर के घर हमारी टीम गई थी। उनके परिजनों से मकान से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। दस्तावेजों की जांच की जाएगी कि उनके पास कितनी अनुमति है और मकान कितने में बना है। इसके अलावा आयकर विभाग की टीम जांच कर रही है।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के परिजनों से भी पुलिस पूछताछ कर सकती है। पुलिस ने आरोपियों के घर से सामान जब्त करने के दौरान अवैध हथियार और आवाजी कारतूस जब्त किए थे। जांच अधिकारियों को आशंका है, कि आवाजी कारतूस का इस्तेमाल हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधु कर्जदारों को डराने के लिए इस्तेमाल करते थे।

### बीते इन चीजों को किया गया था जब्त

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के घर से पुलिस ने 37 लाख से ज्यादा नकद, 734 ग्राम सोने के जेवरात, 125 ग्राम चांदी, 4 गाड़ियां, आई-पेड, लैपटॉप, चेक एटीएम कार्ड, डी.व्ही.आर., ईस्टॉम्प जब्त किया था। इसके अलावा पैसों के लेन-देन के हिसाब का रजिस्टर, जमीनों के दस्तावेज, नोट गिनने का मशीन, 5 तलवार, 1 रिवाल्वर, 1 पिस्टल, जिंदा राउंड और आवाजी कारतूस भी बरामद किए गए थे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक संपन्न




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश बाकेटबॉल संघ की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक 8 जून को होटल एरीना, वीआईपी चौक, ओसवाल पैट्रोल पम्प के सामने, रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ विभिन्न जिला संघो के पदाधिकारियों व सदस्य भी उपस्थित रहे।

संघ के संरक्षक अनिल पुसदकर से बैठक शुरु करने हेतु सचिव सुमित उपाध्याय से आग्रह किया गया। जिसके उपरांत बैठक के एजेंडे की जानकारी देते हुए उन पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश संघ की नियमावली में संशोधन, प्रदेश संघ से संबंधित जिलों के अंदर बास्केटबॉल खेल एवं संसाधन उपलब्ध करने हेतु योजना, प्रदेश संघ की सहायता से जिलों में नए निर्णायक बनाना बाबत चर्चा की गई। सभी एजेंडों को सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति एवं पूर्ण मत से पारित किया गया। सभी जिलों से आये प्रतिनिधियों द्वारा उनके जिलों में हो रही परेशानियों से सचिव को अवगत करवाया गया, जिसे सचिव सुमित उपाध्याय द्वारा जल्दी से जल्दी दूर करने का आश्वासन दिया गया।

अध्यक्ष पिताम्बर गुप्ता ने बताया कि विगत कई वर्षो से प्रदेश में कोई भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई है, जिसके कारण बास्केटबॉल खेल के स्तर में गिरावट हुई है, हमारे द्वारा बहुत जल्द प्रदेश में सभी आयु वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करना है और हमारा सबसे बड़ा उद्धेश्य छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम को फिर से उच्च स्तर पर पहुचाना है, अंत में पिताम्बर गुप्ता ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया।

सचिव सुमित उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के संरक्षक अनिल पुसदकर एवं चैयरमैन अमर पारवानी से बैठक समाप्त करने हेतु अनुमति मिलने के बाद प्रबंधकारिणी बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी। आज के बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के संरक्षक अनिल पुसदकर, चैयरमैन अमर परवानी, अध्यक्ष पिताम्बर गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश पाण्डे, वरिष्ट उपाध्यक्ष प्रमोद ठाकुर, उपाध्यक्ष इक़बाल अहमद, उपाध्यक्ष आनंद सिंह, उपाध्यक्ष राजेन्द्र तम्बोली, उपाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर, आलोक गुप्ता, वरिष्ठ एनआईएस कोच कालवा राजेश्वर राव जी, सुधीर राजपाल, प्रीतम दास, विष्णु पाण्डेय, नलिन शर्मा, वीरेन्द्र देशमुख, एवं विभिन्न जिलों से राजकुमार मल, फारुख अहमद खान, राजेन्द्र यादव,प्रतियूश नेमी,अमित तिवारी,हुमन राम यदु, सुनील नायक, देवेन्द्र महानंद, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी लुमेंद्र साहू, अतुल मिश्रा, अब्बाश आलम, विकास कुमार पाण्डेय, अविरल सिंह, भगतराम बघेल, पुखराज देशमुख, नीरज देशमुख, शेलेन्द्र कुमार मिश्रा, संजीव कुमार, शिंदर सोनी, गोविंदा गुप्ता, प्रदीप कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# पुरखौती परंपरा संग नवागत पीढ़ी के भेंट के उदिम




**0 लोक नाटक भरथरी के मंचन की श्रृंखला मंगलवार से**
**0 राजनांदगांव में 14 और 15 जून को**
**0 भिलाई, रायपुर और बलौदाबाजार में भी होगी प्रस्तुति**

रायपुर (दावा)। राज्य शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से बारुका गरियाबंद की संस्था ''रंग सरोवर'' द्वारा लोक नाट्य भरथरी वैराग्य की गाथा का मंचन राजधानी रायपुर के रंग मंदिर में 10 और 11 जून को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोनों दिन शाम 7 बजे शुरू होगा। छत्तीसगढ़ की सिद्धहस्त भरथरी गायिका स्वर्गीय सुरुज बाई खांडे की 76 वीं जयंती पर उनके पुण्य स्मरण के तौर पर इसका मंचन किया जा रहा है भरथरी नाटक का आलेख, गीत, संगीत और निर्देशन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी भूपेंद्र साहू ने किया है। इस लोक नाटक की प्रस्तुति कला मंदिर भिलाई में 12 और 13 जून, गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में 14 और 15 जून तथा जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में 16 जून को होगी।

# कूलर फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का समान जलकर स्वाहा



**मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत पश्चात आग पर पाया काबू**

राजनांदगांव (दावा)। शहर से 4 किमी दूर कन्हारपुरी वार्ड स्थित एक कूलर फैक्ट्री में देर रात अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इसमें लाखों के कूलर व अन्य सामान जलकर स्वाहा हो गए। गनीमत है कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड वहां पहुंच गई और पानी का तेज बौछार करते हुए आग पर काबू पाई नहीं तो फैक्ट्री में लगी आग पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले सकती थी।

घटना शनिवार की बीती रात तकरीबन बारह- एक बजे की बताई जाती है। कन्हारपुरी वार्ड निवासी योगदास गुरुजी की गली में बीच बस्ती में स्थित उक्त कूलर फैक्ट्री में आग लगते ही आसपास में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि युवराज ढीरहेर को मिलते ही उन्होंने फायर ब्रिगेड वालों को फोन किया और साथ ही बिजली विभाग व निगम के जेसीबी वालों को सूचना दी। बिजली विभाग वाले तत्काल मौके पर पहुंच कर कूलर फैक्ट्री के लाइन को डिस्कनेक्ट किया वहीं जेसीबी मशीन द्वारा फैक्ट्री का दरवाजा तोड़कर फायर ब्रिगेड वालों के लिए पानी की बौछार करने मार्ग प्रशस्त किया।

फैक्ट्री में लगी आग आग इतनी भयंकर थी कि उसकी लपट ऊपर तक उठने लगी। जिसके उजाले में रात में आसपास का दृश्य स्पष्ट नजर आने लगा। देर रात हुई इस घटना में आसपास के लोग सभी जाग गए और अपने घरों में गुंडी- बाल्टी में पानी ला कर आग बुझाने में मदद की। गनीमत है कि कूलर फैक्ट्री से लगे हुए घरों में आग की लपटे नहीं पहुंच पाई नहीं तो पूरी बस्ती आग में जला खाक हो सकती थी।

### शार्ट सर्किट से फैक्ट्री में लगी आग

पार्षद प्रतिनिधि युवराज सहित अन्य लोगों की मानें तो उक्त आग शार्ट सर्किट होने की वजह से लगी। युवराज ने बताया कि फायर ब्रिगेड आने के पश्चात रात में 1 बजे से आग बूझाने का काम शुरू हुआ तो लगभग 5 बजे तक चलता रहा। इस भयानक आग में पूरी फैक्ट्री स्वाहा हो गई। बताया जाता है कि यह कूलर फैक्ट्री शहर में रहने वाले किसी महाजन का है। वार्ड के बीच बस्ती में स्थित यह फैक्ट्री लोगों के लिए खतरे की घंटी बनी हुई है। टीन शेड से चारों ओर से घिरी इस फैक्ट्री के अंदर कूलर व ढक्कन बनाने का काम होता है। उक्त फैक्ट्री के नजदीक रहने वाले कन्हारपुरी जागरुक युवा सीताराम श्रीवास ने बताया कि उक्त फैक्ट्री का मालिक राजनांदगांव से आता है। उसके समक्ष बस्ती के बीच फैक्ट्री होने से कभी भी कुछ घटना हो सकने की शिकायत भी की गई है। लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा था। शनिवार को बीती रात हुई उक्त भयानक आग जनी से सभी लोग सकते में हैं। गनीमत है कि पार्षद प्रतिनिधि द्वारा तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दिए जाने पर जोर पकड़ती आग पर काबू पाया जा सका नहीं तो पूरी बस्ती को आग के चपेट में आना संभव था जिससे बड़ी जन-धन की हानि हो सकती थी।

# जिला भाजपा ने लाल बहादुर नगर की कार्यकारिणी की घोषणा की

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी की लंबे समय से प्रतीक्षित लाल बहादुर नगर की मंडल कार्यकारिणी की घोषणा आज प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सूची जारी की। जिसमें अध्यक्ष मनोज कांडे अध्यक्ष लाल बहादुर नगर, उपकार सिंह बघेल उपाध्यक्ष पीपरखार, वर्षा गेड़ाम उपाध्यक्ष गाजमर्रा, गोदावरी निषाद उपाध्यक्ष बागरेकसा, चन्द्र प्रकाश देशमुख उपाध्यक्ष बागनदी, हेमलाल वर्मा महामंत्री हीरापूर, कैलाश उईके महामंत्री बोरतलाव, धनवार मंडावी मंत्री बुढानछापार, चन्द्रा सिन्हा मंत्री नारायणगढ़, श्रीमती तिलका बाई मंत्री छिन्दीजोब, अशोक वर्मा मंत्री ठाकुरटोला, सुरेश वर्मा कोषाध्यक्ष बिच्छीटोला, रेवाराम सिन्हा सह कोषाध्यक्ष रामपुर, भोजराम वर्मा मिडिया प्रभारी भोथली, देवेन्द्र यदु सोशल मिडिया प्रभारी मुगलानी, घनश्याम वैष्ण कार्यालय प्रभारी लाल बहादुर नगर,

कार्यकारिणी सदस्य :- अनस पटेल चिद्दो , हनुमान साहू चार भाटा, रामकुमर बंडी, शिव बल्लारे बोरतलाव, गोपी साहू सेंदरी, पीताम्बर सिन्हा नारायणगढ, कुंज बिहारी वर्मा कोटाना पानी, परसराम मंडावी मंगीखूटा, शिव विश्राम वर्मा गजमर्रा, अवध राम साहू लाल बहादुर नगर, नोबल साहू लाल बहादुर नगर, लक्ष्मीबाई चन्द्रवंशी मुॅगलानी, श्रीमती देवकी सिन्हा मुॅगलानी, मानी बाई साहू कोहलाकसा, गौरी मंडावी झिंझारी हैं। कार्यकारिणी सदस्यः- श्रीमती स्मिता नेताम खुबाटोला, अंजति यादव बरमपुर, कुसुम साहू रामाटोला, रीना सिन्हा कक्काटोला, श्रीमती चांदनी साहू भेजरा टोला, श्रीमती सुरेखा वर्मा बिछी टोला, श्रीमती कांती पटेल गोविंदपुर, श्रीमती पुष्पा सिन्हा भरकाटोला, शोभा यादव ठाकुरटोला, देव सिन्हा नेताम कौवा पानी, दशरथ नेताम खमपुरा, गुमान सिंह नेताम भुरसाटोला, बोधन साहू बरनारकला, आनंद टेंभुरकर रांका, अम्बे निषाद टाटेकसा,

विशेष आमंत्रित सदस्यः- देवराज वर्मा भोथली, जसबीर चौहान अंडी, देवेन्द्र नंदेश्वर रामाटोला, मनोज नेताम चौथना, बीरबल कंवर कारूटोला, उदय मंडावी मोहनपुर, दिलीप चन्द्रवंशी नवागांव, भगवान दास साहू कोठीटोला, धनुष बलहारे छिदीजॉब, प्यारेलाल बहोने पीपरखार कला, भागीरथी गोड़ बजरंगीडीह, धर्मेन्द्र सोनवानी चित्र, सूरदास वर्मा अंडी, कंवरपाल सिंह भाटिया भानपुर, पुरानीक साहू झिंझारी, पुनउ राम यादव कुहीकोड़ा, राम जी चन्द्रवंशी नारायणगढ़, चेतन साहू लाल बहादुर नगर, रेख राम यादव लाल बहादुर नगर, पवन यादव लाल बहादुर नगर, वेनेन्द्र चन्द्रवंशी मोतीपुर, कृष्णा साहू रामाटोला, नरेश महोबे धनडोंगरी। स्थायी आमंत्रित सदस्य :- संतोष पांडे सांसद, मधूसूदन यादव महापौर/पूर्व सांसद, अभिषेक सिंह पूर्व सांसद, भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री, कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा, प्रदीप गांधी पूर्व सांसद, खेदुराम साहू पूर्व विधायक, दिनेश गांधी पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, देवेन्द्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, प्रशांत कोडापे सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती अनीता मंडावी सदस्य जिला पंचायत, बोधिराम साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, वेदराम ताम्रकार पूर्व महामंत्री, राजेन्द्र तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता, गिरवर साहू उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, रामधीन देवांगन पूर्व महामंत्री, रामसाय ड़ड़सेना पूर्व मंडल अध्यक्ष, इंदरपाल सिंह भाटिया वरिष्ठ भाजपा नेता है ।

# गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान की कार्यकारिणी का विस्तार

राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान ने रविवार को अपनी कार्यकारिणी का भव्य विस्तार किया। यह महत्वपूर्ण बैठक गायत्री कॉलोनी, राजनांदगांव में आयोजित की गई, जिसमें नए दायित्वों का वितरण करते हुए संस्थान के भविष्य की दिशा तय की गई।

कार्यकारिणी विस्तार में संरक्षक के रूप में डॉ. एल. देवांगन को सम्मिलित किया गया, वहीं सलाहकार मंडल में एजाज सिद्दीकी व गजेंद्र बख्शी जी को शामिल किया गया। संस्थान की अध्यक्षता की जिम्मेदारी श्रीमती पुष्पलता सेरूवा को सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती मिथलेश चौहान, श्रीमती चंद्रकांता महानदिया, श्रीमती शशि बघेल तथा श्रीमती अनिता गुप्ता को नियुक्त किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी नरेंद्र तायवड़े को मिली है, जबकि मार्गदर्शक की भूमिका पूर्व विधायक श्री रामलाल चौहान निभाएंगे। इस अवसर पर यह घोषणा भी की गई कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, जिससे संस्थान की सेवाएं पूरे राज्य में पहुंच सकें। मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्थान के उद्देश्यों को और अधिक व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी कमलेश यादव ने दी।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है।
अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
● सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
● 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
● ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
● पार्किंग की समुचित व्यवस्था
● सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
● भवन में लिफ्ट की सुविधा
शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो नं. 9300725521, 9300414726



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com